# रेलवे डीआरएम कार्यालय सिंगरौली में किया जाये स्थापित : सांसद

## 30 जून तक गोपद पुल का पूर्ण कराया जाये निर्माण कार्य : डॉ. मिश्रा

**सिंगरौली।** सीधी सिंगरौली एनएच 39 सड़क निर्माण कार्य मे प्रगति लाई जाये तथा गोपद नदी के पुल निर्माण कार्य 30 जून तक पूर्ण कर लिया जाये तथा दुर्घटनाग्रस्त वाले स्थल को चिन्हित कर तत्काल सही कराया जाना सुनिश्चित करें। रेलवे डीआरएम कार्यालय सिंगरौली में स्थापित किया जाये तथा सीएसआर मद की राशि बिना स्वीकृती के अन्य जिलो में किसी भी रूप पर न भेजी जाये। अन्य औद्योगिक कंम्पनियों को इस आशय से अवगत कराया जाये।उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक के दौरान सीधी सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के द्वारा दिया गया।

विदित हो कि कलेक्ट्रेट सभागार में सीधी सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के अध्यक्षता एवं मध्यप्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह,सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, देवसर विधानसभा के विधयाक राजेन्द्र मेश्राम, सिहवाल विधानसभा के विधायक विश्वामित्र पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनम सिंह, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेंय, प्राधिकरण के अध्यक्ष दिलीप शाह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, जनपद अध्यक्ष देवसर प्रणव पाठक, जनपद पंचायत चितरंगी अध्यक्ष सिया दुलारी, जनपद अध्यक्ष बैढ़न सविता सिंह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के गरिमामय उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई।



बैठक के प्रारंभ में सांसद श्री मिश्रा के द्वारा सीधी सिंगरौली एनएच 39 सड़क कार्य कि प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिये कि प्रगति संतोष जनक नही है जो अत्यन्त ही खेद का विषय है इतने वर्षो से सड़क पूर्ण नही हो पाई है उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि गोपद पुल का निर्माण कार्य 30 जून तक सम्पन्न कराकर सात दिवस में उसकी जॉच पूर्ण करे। वही उपस्थित विधायको के द्वारा भी कार्य में प्रगति न आने पर असंतोष जाहिर किया गया। तत्पश्चात ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाईन के प्रगति की समीक्षा की गई। संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि कार्य प्रगति पर है।उक्त के संबंध में विधायक सिहावल श्री पाठक के द्वारा रेलवे लाईन के नवीन एवं पुराने नक्से को संबंध में सदन को अवगत कराया गया। वही कटनी से सिंगरौली रेलवे लाईन दोहरीकरण के प्रगति की समीक्षा की गई जिसके उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि डीआरएम कार्यालय रेलवे सिंगरौली जिले में स्थापित किया जाये। एवं संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया गया कि दोहरीकरण कार्य में प्रगति लाई जायें। जल जीवन मिशन के प्रगति का कार्य संतोष जनक नही होने पर असंतोष व्यक्त किया गया वही विधायक सिंगरौली एवं देवसर के द्वारा भी यह कहा गया कि कार्य में जो प्रगति आनी चाहिए वो नही आई है। वही बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि एक विशेष टीम गठित कर तीन विंदुओ की जॉच कराई जाये पाईप लाईन डालते समय जो रोडो को खोदा गया है उन्हे अभी तक पूर्ण नही किया गया है। उसे पूर्ण कराया जाये कहा कहा कि सड़के अभी अधूरी पड़ी है। नलजल योजना के तहत पीएचई को हस्तांतरित हुये कार्य की सूची बनाकर उसका सोसल आडिट कराया जाये कि क्या हर घर में पेयजल आ रहा है या नही। तथा किस गुणवत्ता का पेयजल आ रहा है। आगे से योजना से संबंधित जो अपूर्ण कार्य है उन्हें अंग्रीम कार्य के लिए पीएचई विभाग को न सौपा जाये।

स्वाथ्य विभाग से संबंधित एजेंडा पर चर्चा करते हुये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से ट्रामा सेंटर में मरीजो को दी जाने वाली सुविधाओं के साथ साथ दवाईयों का वितरण एवं एक्सरे सहित कितने प्रकार की जॉच की जाती है इसके अलावा जनपद स्तर पर स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो में दवाओं की उपलंब्धता आदि के प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात विधायको द्वारा जिला चिकित्सालय में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं को सही ढंग से प्रदान न करने पर अप्रशंन्नता जाहिर की गई। एवं निर्देश दिये गये कि जिला चिकित्सालय में शासन के मंशानुसार नि:शुल्क दवाएं प्रदान की जाये। साथ ही जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं में सुधार लाया जाये। वही कलेक्टर को इस आशय के निर्देश दिये गये कि समय समय पर स्वास्थ्य विभाग की बैठक कराया जाकर प्रदाय की जाने वाली सेवाओं की समीक्षा की जाये।

बैठक के दौरान विद्युत विभाग से संबंधित विंदुओ पर चर्चा की गई तथा सांसद डॉ. मिश्रा के द्वारा अधीक्षण यंत्री को निर्देश दिये कि विद्युत सप्लाई की व्यवस्था नियमित रखे। बिगड़े ट्रान्सफर्मर को सही करे। पुराने जो कनेक्शन की जो केबल लाईन खराब हो गई है उन्हें बदला जाये। आदिवासी क्षेत्रो के शत प्रतिशत विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। कोई भी ट्रान्सफर्मर खराब होने पर एक संप्ताह में बदला जाये।

अपने विभाग के अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियो को निर्देश दे कि जन प्रतिनिधियों के फोन को रिसीव करे। इसके अलावा यादि विद्युत उपभोक्ता अपनी समस्या बताता है कि उसका निराकरण समय पर सुनिश्चित करे। बैठक के दौरान जिले के किसानो को गुणवत्तायुक्त खाद बीज उपलंब्ध कराने के साथ साथ बाजारो में बिना लायसेंस नकली खाद बीज बिक्रय करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये गये। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि टीम गठित कर अधिक से अधिक किसानो फसल बीमा योजना में शामिल किया जाये।


बैठक में शिक्षा विभाग से संबंधित एतेंडा पर चर्चा करते हुये निर्देश दिये गये कि प्रत्येक स्कूल में शिक्षक की उपलंब्धता कराई जाये समय पर शिक्षक उपस्थित रहे। छात्रो को पुस्तक वितरण एवं गणवेश वितरण किया जाये विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण भी किया जाये वही यह सुनिश्चित करे कि समस्त विद्यालयो में सभी विषयों के शिक्षक उपलंब्ध रहे। बैठक में इस विंदु पर भी चर्चा की गई कि ऐसी प्राईवेट विद्यालय जो इग्लिस मीडियम है 10 कक्षा के बाद संबंधित विद्यालयो के छात्रो को कक्षा 11 वी में उनके रूचि के अनुसार विषय प्राप्त नही हो पाते हिन्दी मीडियम के विद्यालयो में पढ़ने में कठिनाई होती है ऐसे विद्यालयो का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही किया जाये। बैठक के दौरान जिले के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावो को पारित किया गया।

## रोजगार मेला सह कैरियर कांउसिलिंग का आयोजन 27 जून को

**सिंगरौली।** जिला रोजगार अधिकारी सीमा बर्मा ने बतया कि जिले के बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, सिंगरौली द्वारा 27 जून 2024 को रोजगार मेला सह कैरियर कांउसिलिंग का आयोजन रोजगार कार्यालय परिसर में आयाजत किया जा रहा है, मेले में इच्छुक आवेदक महिला एवं पुरूष उपस्थित होकर योग्यता अनुसार कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। मेले में भाग लेने वाली कम्पनिया टाटा ए. आई. ए., सिंगरौली, उत्कर्ष कौशल केन्द्र, श्रीराम लाईफ इन्स्योरेंस, ममता मोटर्स, बैढ़न इन्जीनियरिंग, बलियरी, फ्लिपकार्ट, यशस्वी ग्रुप, निपुन मल्टी सर्विसेस, हिन्डाल्को वेन्डर, एस. बी.आई. लाईफ इन्स्योरेंस, सिंगरौली, आदित्य बिरला कैपिटल, सिंगरौली, एस. आई.एस. सिक्योरिटी में अपनी योग्यता अनुसार आवेदन कर सकते है।

# नवानगर पुलिस द्वारा नशा मुक्ति जन जागरुकता अभियान के तहत निकाली गई बाइक रैली

**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के परिपेक्ष्य में साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजन कराए जाने के निर्देशो के पालन में पुलिस अधीक्षक, श्रीमती निवेदिता गुप्ता, जिला सिंगरौली द्वारा जिला स्तर पर विशेष नशा मुक्ति जन जागरुकता अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा जिला सिंगरौली व समस्त राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियो के द्वारा नशा मुक्ति जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में आज रविवार को थाना नवानगर पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न चौक-चौराहो आदि जगह से होते हुये बाइक रैली निकाल नशे से दुर रहने के लिये जागरुक किया जा रहा है। साथ ही दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रुप से करने के लिये भी जागरुक किया जा रहा है। जनमानस को नशीले पदार्थो का सेवन करने से होने वाले दुष्प्रभाव, दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराते हुए नशे से दूरी बनाने के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। नशे का सेवन करने से शारीरिक स्वास्थ पर पड़ने वाले विपरित असर के बारे में अवगत कराया जा रहा है। साथ ही नशे से दुर रहने के लिये व अपने आस पास रहने वालो लोगो को भी प्रेरित करने के संबंध शपथ भी दिलाई जा रही है।



# बच्चों ने पी दो बूंद जिंदगी की, विधायक, कलेक्टर ने किया पोलियो अभियान का शुभारंभ

## दो बूद हर बार पोलियों पर जीत रहे बरकरार : विधायक

**सिंगरौली।** रविवार को नवजीवन विहार सेक्टर 3 में स्थाति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक पीला कर तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। कलेक्टर ने बताया कि जिले में यह अभियान तीन दिन तक चलेगा, उन्होंने अपील करते हुए कहा कि हमारा देश वर्तमान में पोलियो मुक्त है लेकिन पड़ोसी देशो में पोलियो के मामले अभी भी सामने आ रहे हैए इसलिए एहतियातन यह दवाई पिलाना जरुरी है। जिले भर में जिला चिकित्सालय सहित निर्धारित पोलियो बूथ बच्चो को 23 जून 25 जून तक पोलियों की दवा पिलाई जायेगी। कलेक्ट ने बताया कि जिले में यह अभियान तीन दिन तक चलेगा,जिले भर में जिला चिकित्सालय सहित निर्धारित पोलियो बूथो पर बच्चो को 23 जून 25 जून तक पोलियों की दवा पिलाई जायेगी।कलेक्टर ने सामाजिक संस्थाओं से भी अपील करते हुए कहा कि वे 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो बूथ तक जरुर ले जाएं, पालको को प्रेरित करे, ताकि पहले ही दिन शत प्रतिशत बच्चो को दवाई पिलाई जा सके। इस अवसर पर विधायक रामनिवास शाह ने भी उपस्थित लोगो से अपील करते हुये कहा कि अपने नौनिहालो को बिमारी से बचाना हम सब का कर्तव्य है मेरा आप से आग्रह है कि अपने मोहल्ले, आस पास के ऐसे बच्चे जिन्हे पोलियो की खुराक नही पिलाई गई उन्हे अपनी जिम्मेदारी समझकर पोलियो दवा खुराक पिलाने में सहयोगी बने। विधायक श्री शाह ने कहा कि जब हमारे बच्चे बिमारी से सुरंक्षित रहे तभी देश स्वस्थ्य एवं खुशहाल बनेगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एन.के जैन, नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा, डीपीएम सुधांशु मिश्रा, एपीएम आशीष पाण्डेय, आर.आरटी विश्व स्वास्थ्य संगठन प्रफुल्ल सिंह, व्हीसीएम अरविद पटेल, सामाजसेवी अरविंद दुबे, बृजेश शाह, अरूण प्रजापति आदि उपस्थित रहे।





# विश्व सिकल सेल दिवस पर स्वास्थ्य जाँच व जागरूकता अभियान

**चितरंगी।** चितरंगी विकासखंड अंतर्गत डैनिया ग्राम के आँगनवाड़ी भवन में शुक्रवार को सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर कैम्प के माध्यम से सिकल सेल जाँच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे समुदाय के लोग का सिकल सेल जाँच किया गया। पिरामल स्वास्थ्य के गाँधी फेलो अक्षय कुमार भगत ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया एक तरह की अनुवांशिक बीमारी हैं। यानि माता पिता से उनके बच्चो में यह बीमारी आती हैं। इससे रक्त कोशिका का आकार गोल न होकर हंसिया जैसा हो जाता हैं। साथ ही उसका लचीलापन खत्म हो जाता हैं जिससे नसो में खून बहने से परेशानी होती हैं और शरीर में तेज दर्द होता हैं। इसीलिए खून की तुरंत जाँच कराये, डॉक्टर की सलाह एवं दवा का सेवन करे। साथ ही ज्यादा से ज्यादा पानी पिए और स्वच्छता का ध्यान रखे। सिकल सेल से पीड़ित युवक और युवती आपस में शादी करते हैं तो उनके संतान में यह बीमारी होने का खतरा बहुत अधिक होता हैं। इसीलिए शादी से पहले लड़का लड़की के खून की जाँच जरूर कराये ताकि इस बीमारी को आने वाली पीढ़ी में फैलने से रोका जा सके। कैम्प में मौजूद पिरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी तुलसी दास कुशवाह, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर आकांक्षा मरकां व ममता बसनिया, ए.एन.एम शशिकला सिंह, आशा उर्मिला सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुखबरिया प्रजापति सहित अन्य मौजूद थे।



## व्याप्त भ्रष्टाचार एवं विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम का घेराव आज : संकठा सिंह

**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश भाजपा सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं विधानसभा चितरंगी अंतर्गत विभिन्न समस्याएं जैसे पेयजल बिजली सहित अन्य मुद्दों को लेकर संकठा उर्फ बबलू सिंह ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी चितरंगी द्वारा संदेश दिया गया है कि अशोक सिंह पैगाम जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस सह जिलापंचायत सदस्य एवं ज्ञानेंद्र द्विवेदी जिला अध्यक्ष कांग्रेस ग्रामीण के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय चितरंगी का घेराव कार्यक्रम दिनांक 24 जून 2024 को आयोजित किया गया है।

# नाबालिक बालिका को हरियाणा राज्य से दस्तयाब कर परिजनो को किया सुपुर्द

**सिंगरौली।** मप्र शासन व पुलिस मुख्यालय द्वारा भोपाल द्वारा महिलाओ व बच्चो के विरुद्ध होने वाली घटनाओ में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रसारित किए गए है, जिसको दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली, श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में जिला स्तरीय विशेष अभियान आपरेशन मुस्कान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशो के पालन में शिव कुमार वर्मा , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली, एसडीओपी कृष्ण कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिव पूजन मिश्रा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये टीम का गठन कर गुमशुदा बालिका को दस्तयाब किया। बताया जाता है कि बीते 14 जुन को फरियादी निवासी ग्राम बरहटी थाना बरगवों जिला सिंगरौली का उपस्थित थाना आकर जुवानी रिपोर्ट किया कि मेरी मझिली लडकी जो दिनाक 13.06.2024 को 12.00 बजे बिना बताये घर में कही चली गई, जिसकी पता-तलाश आसपास किया लेकिन नहीं मिली, जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 529/2024 धारा 363 ता0हि0 कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आज दिनांक 22.06.2024 को अपहृता को हरियाणा राज्य से दस्तयाब कर, परिजनो को सुपुर्द किया गया। मामले की विवेचना जारी है। सराहनीय भूमिका सउनि अजीत सिंह, प्र.आर अरूणेन्द्र पटेल, प्र.आर. अनूप मिश्रा की महत्वपूर्ण रही है।

# विन्ध्यनगर पुलिस द्वारा आयोजित किया गया नशा मुक्ति कार्यक्रम

**सिंगरौली।** शिवाजी काम्प्लेक्स विंध्यनगर में थाना प्रभारी विन्ध्यनगर श्रीमती अर्चना द्विवेदी द्वारा पुलिस मुख्यालय के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के परिपेक्ष में कार्यक्रम आयोजन कराए जाने के निर्देश के पालन में नशा मुक्ति जन जागृत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें व्यापारिक मंडल से समीर सिंह, राजेश गुप्ता, राजेश शुक्ला, निलेश नाई, अमित सेन एवं एनजीओ विंध्याचल सोसायटी अध्यक्ष इमरान खांन, सदस्य दुर्गेश सिंह, संजू साहू, सलमान खांन, असमीत खांन, अमर सहीस एवं पार्सदगण भारतेंदु पाण्डेय, प्रेम सागर मिश्रा, बाबू नंदन बंशल, राम गोपाल पाल, एवं गणमान्य नागरिक सहायक यंत्री डीके सिंह, अर्जुन गुप्ता, अम्ब्रेश शर्मा, संतोष जायसवाल, अमित यादव एवं मोहल्लेवासी राम सहोदर कोल, पत्रकार विवेक कुमार त्रिपाठी, अमित कुमार एवं एस.एस. दुबे, अवधेश पाण्डेय , दिनेश तिवारी आदि लोग उपस्थित रहें । कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को बताया कि नशीले पदार्थों का समाज में विशेषकर उक्त प्रवृत्ति युवाओं स्कूल/कॉलेज के छात्र-छात्राओं में तेजी से बढ़ते उपयोग के कारण मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत असर के साथ-साथ यह प्रवृत्ति अपराध घटित करने के लिए भी प्रेरित करती है, जिससे इस प्रवृत्ति से दूरी बनाने एवं नशे से होने वाले दुष्प्रभाव, दुष्परिणामों के बारे में अवगत करते हुए नशे की प्रवृत्ति से दूरी बनाने के संबंध में शपथ दिलाई गई । थाना प्रभारी विंध्यनगर निरीक्षक अर्चना द्विवेदी द्वारा बताया गया कि आगे भी इसी तरह के कार्यक्रम थाना क्षेत्र में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले बस्तियों, स्कूल कॉलेजों, चैक चौराहों में कार्यक्रमों एवं नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर जन जागृत एवं नशा मुक्ति के संबंध में लोगों को जागरूक किया जाएगा।



## कलेक्टर की अध्यक्षता में अत्याचार निवरण समिति की बैठक आयोजित

# सफाई कर्मियो को आउट सोर्सिग एजेंसियां उपलंब्ध कराये मूलभूत सुविधाएं : शुक्ला

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता एवं राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह सीधी सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सिंगरौली विधायक राम निवास शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम, सिहावल विधान सभा के विधायक विश्वामित्र पाठक के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जन जाति अत्याचार निवारण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान सफाई कर्मचारियो को आउटसोर्सिंग कंम्पनियो से होने वाली समस्याओं के संबंध में चर्चा की तथा निर्देश दिया गया कि कर्मियो को कलेक्टर दर से वेतन भुगतान समय पर किया जाना सुनिश्चित किया जाये। अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के लोगो को जन जागरूकता अभियान से उनके अधिकारो के प्रति उनको जागरूक किया जाये। बैठक में सहायक आयुक्त जन कार्य विभाग के द्वारा सदस्यो को अवगत कराया गया कि अनुसूचित जाति एवं जन जाति निवारण अधिनियम के तहत प्राप्त प्रकरणो एवं उनके निराकरण के संबंध में अवगत कराये जाने के साथ ही राहत राशि वितरण के संबंध में अवगत कराया गया। उन्होने बताया कि अनुसूचित जाति के 1 जनवरी 2024 से 6 जून 2024 के मध्य बलात्कार का 1 प्रकरण, लज्ज भंग के 2 प्रकरण, अपमान अभित्रास के 32 कुल 35 प्रकरण प्राप्त हुये है। जिन में सभी प्रकरणो का निराकरण कर 29 लाख रूपये के राहत राशि का वितरण किया गया। इसी प्रकार 1 जनवरी 2024 से 10 जून 2024 अनुसूचित जन जाति के लंज्ज भंग 1 प्रकरण, अपमान अभित्रास के 24 प्रकरण प्राप्त हुये थें जिनमें सभी प्रकरणो का निराकरण कर 24 लाख रूपये की राहत राशि का वितरण किया गया। सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग ने बताया कि 1 जनवरी 2024 से 10 जून 2024 तक 8 जन जागरण शिविर शिविरो का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान अनुसूचित जाति, जान जाति के वर्ग के लोगो को उनके अधिकारो के प्रति जागरूक किया गया। तथा उनके अधिकारो के बारे में विस्तार से उन्हे अवगत कराया गया। बैठक में सांसद डॉ. मिश्रा ने कहा कि सफाई कर्मचारियों के बच्चो को सीबीएसई , प्राइवेट , केवीएस विद्यालयो में भी दाखिला मिले, उन्हें उच्च स्तर पर शिक्षा मिले ऐसा हमारा प्रयास होना चाहिए। वही बैठक के दौरान सफाई कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि द्वारा सफाई कर्मचारियो को हो रही असुविधा एवं समस्याओ के संबंध में समिति को अवगत कराया गया। उनके द्वारा बताया गया कि आउटसौंसिंग संस्थाए उन्हे बेसिक सुविधा उपलंब्ध नही कराई जाती है। सफाई कर्मियो को कलेक्टर दर से माह के पहले संप्ताह तक वेतन का भुगतान कराया जाये।



# सांसद एवं विधायक ने किया राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

## 24 एवं 25 जून को गृह भेंट कर छूटे बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक



**सीधी।** जिला चिकित्सालत परिसर सीधी में आयोजित कार्यक्रम में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा एवं विधायक सीधी रीती पाठक ने पोलियो बूथ में ''दो बूद जिंदगी की'' पोलियो वैक्सीन बच्चों को पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देव कुमार सिंह चौहान, अमलेश्वर चतुर्वेदी, विश्वबंधुधर द्विवेदी, पुनीत नारायण शुक्ला, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकार डॉ. आई.जे. गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. एस.बी. खरे, जिला टीकाकरण अधिकारी. डॉ. नागेन्द्र बिहारी दुबे, रीतेश पाण्डेय डाटा मैनेजर, विकास सिंह जिला वैक्सीन कोल्ड चौन मैनेजर सीधी सहित जिला चिकित्सालय सीधी के समस्त चिकित्सकगण व स्टाफ उपस्थित रहे।

सांसद तथा विधायक ने उपस्थित 0-5 वर्ष के बच्चों को दो बूॅद पोलियो की खुराक पिलाई एवं समस्त नागरिकों से अपील की है कि अपने 0 से पॉच वर्ष तक के बच्चों को आवश्यक रूप से पोलियो बूथ पर ले जाकर दो बूॅद पोलियो की खुराक पिलवाये जिससे देश में पोलियो पुनः न पनपने पाये।

विकासखण्ड स्तर पर सेमरिया में बी.ई.ई. सरोज सेन, बीपीएम रिंकू पाण्डेय, बीसीएम. अनीता श्रीवास्तव एवं अन्य चिकिसालयीन स्टाफ, रामपुर नैकिन में देवेन्द्र मिश्रा सामाजिक कार्यकर्ता, बीएमओ डॉ. प्रेरणा पाठक, बीपीएम अनुज सिंह परिहार, चुरहट में चिकित्सा अधिकारी डॉ. वरूण सिंह, कमला गुप्ता बी.ई.ई., सुपरवाईजर रामेश्वर द्विवेदी, कोल्ड चौन हैण्डलर्स एवं अन्य चिकित्सकीय स्टाफ, सिहावल में मुन्नी प्रजापति सरपंच, डॉ. संजय पटेल बीएमओ, बीपीएम एवं बीईई सिहावल अन्य चिकित्सकीय स्टाफ, मझौली में हितेश गुप्ता पार्षद नगर पंचायत मझौली, बालमीक साकेत तहसीलदार मझौली, डॉ पी.एल.सागर बीएमओ, बी.पी.एम. कमलेश चौधरी, सावित्री त्रिपाठी बी.ई. तथा कुसमी में जनपद अध्यक्ष श्यामवती सिंह, हीराबाई सिंह जिला पंचायत सदस्य, बीएमओ डॉ. अजय प्रजापति, अरविन्द द्विवेदी बीपीएम एवं अन्य समस्त चिकित्सालयीन स्टाफ के द्वारा पोलियो बूथ पर पोलियो की दवा पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

समस्त अभिभावको से अपील है कि जन्म से 5 वर्ष तक के जो बच्चे बूथ पर दवा पीने से वंचित रह गये हो, तो दिनांक 24 जून एवं 25 जून 2024 को गृह संपर्क में पोलियो दवा अवश्य पिलवाए।

# उज्ज्वल बदलाव हम से, शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित

## संवेदनशील सोच विकसित करने के लिये दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ



**सीधी।** समाज में लिंग भेद समाप्त हो एवं लड़कियों और महिलाओं के प्रति संवेदनशील सोच विकसित हो इसके लिये जीवन कौशल शिक्षा के तहत उज्वल प्रशिक्षण आयोजित किया गया। एक श्रेष्ठ समाज के निर्माण में लड़कों की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। जब लड़के या पुरूष लड़कियों या महिलाओं के प्रति संवेदनशील होंगे तो लिंग आधारित भेद मिटाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। समाज में किसी भी भेद को हम मिटाना चाहते हैं तो वह हमसे ही मिटेगा। बदलाव हमसे आता है। जब हम बदलेंगे तभी समाज बदलेगा। छात्रों के बीच सकारात्मक मर्दानगी क्या है एक बेहतर समाज में लड़के या पुरूष क्या भूमिका निभा सकते हैं इसी विषय पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित उमंग कार्यक्रम के अन्तर्गत उज्वल प्रशिक्षण आयोजित हुआ। शासकीय विद्यालयों के नोडल शिक्षकों का जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय आदर्श कन्या हाई स्कूल सीधी में 21 एवं 22 जून को आयोजित हुआ। भोपाल से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कराते हुये कक्षा 09 से 12 तक छात्रों में छात्राओं एवं महिलाओं के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ प्रशिक्षण प्रदान किया गया। राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर श्रीमती कृष्णा मिश्रा, श्रीमती पूजा सिंह चौहान, श्री संजय कुमार सोनी एवं श्री राकेश रतन पाण्डेय द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सहयोगी प्रशिक्षक के रूप में श्रीमती अर्चना पाण्डेय, श्री अनिल कुशवाहा, श्री बालेन्दु शेखर दुबे, श्री हेमांगद शुक्ल, श्री जय प्रकाश पाण्डेय का सहयोग रहा।

समापन कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी एल मिश्रा, बीईओ श्री एल के शर्मा, एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्रा, श्री कृष्ण गिरि उपस्थित रहे।

# लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

**सीधी।** सीधी जिले में लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा के लिए 03 केन्द्र बनाये गये थे। प्रारंभिक परीक्षा के संबंध में लोक सेवा आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की गई। प्रारंभिक परीक्षा के प्रथम पाली में जिले में 1474 परीक्षार्थियों में 1084 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए एवं 390 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि द्वितीय पाली में 1074 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए एवं 400 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में 500 परीक्षार्थी में से 392 सम्मिलित हुए 108 अनुपस्थित रहे, एसआईटी कालेज रीवा रोड जमोडी सीधी में 500 परीक्षार्थी में से 356 सम्मिलित हुए 144 अनुपस्थित रहे तथा शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में 474 परीक्षार्थी में से 336 सम्मिलित हुए 138 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में 500 परीक्षार्थी में से 389 सम्मिलित हुए 111 अनुपस्थित रहे, एसआईटी कालेज रीवा रोड जमोडी सीधी में 500 परीक्षार्थी में से 352 सम्मिलित हुए 148 अनुपस्थित रहे तथा शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में 474 परीक्षार्थी में से 333 सम्मिलित हुए 141 अनुपस्थित रहे।

# सांसद डॉक्टर मिश्रा रवाना हुए दिल्ली, पौधारोपण कर की पूजा अर्चना, लिया बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद



**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ राजेश मिश्रा ने आज प्रातः काल लोकसभा सत्र के लिए दिल्ली जाने के पूर्व प्रातः काल पूजा अर्चना कर, बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर प्रकृति बचाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत कर पर्यावरण एवं प्रकृति के संरक्षण का आह्वान किया था। सीधी के पडैनिया स्थित अपने निर्माणाधीन मकान परिसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पूजनीय स्वर्गीय माता श्रीमती शिवमती मिश्रा जी के नाम वृक्षारोपण किया। सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह है कि इस अभियान का हिस्सा बने और एक पौधा अवश्य लगाएं तथा उसका संरक्षण कर प्रकृति के प्रति अपना दायित्व निभाएं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि नवनिर्वाचित सांसद डॉक्टर मिश्रा नवगठित लोकसभा की सदस्यता लेंगे और इस दौरान लोकसभा की विभिन्न प्रकार की कार्यवाही में भाग लेंगे।

# खरीफ फसलों की बुआई के लिए डीएपी की जगह एनपीके एवं एसएसपी उर्वरक फायदेमंद : उपसंचालक कृषि

**सीधी**

उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने किसान भाइयों से अपील की है कि धान, उड़द एवं मूंग खरीफ फसलों की बुवाई के लिए डीएपी उर्वरक के स्थान पर एनपीके उर्वरक का उपयोग करें। उन्होने बताया कि डीएपी में नाईट्रोजन, फास्फोरस तत्व होते हैं, जबकि एनपीके में नाईट्रोजन फास्फोरस के साथ पोटाश तत्व भी पाया जाता है जो कि फसल के लिए अति महत्वपूर्ण एवं आवश्यक तत्व है। किसान भाई डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक को बेहतर विकल्प के रूप में खेतों में डालकर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही एपीएस एवं एसएसपी उर्वरक का भी उपयोग करने की सलाह देते हुये बताया गया कि एपीएस मे नाईट्रोजन, फास्फोरस तथा सल्फर तत्व पाये जाते हैं जो फसलों के उत्पादन बढ़ाने के लिए अतिआवाश्यक है। एसएसपी उर्वकर का उपयोग करने से फास्फोरस 16 प्रतिशत, सल्फर 11 प्रतिशत एवं कैल्सियम 21 प्रतिशत फसलों का प्राप्त होता है। जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ तिलहनी फसलों में तेल की मात्रा बढ़ती है। किसान भाई यह ध्यान रखें कि कम से कम 4-5 इंच वर्षा होने के बाद ही फसलों की सीडड्रिल के माध्यम से बुवाई करे और बुवाई करने से पहले बीजों का बीजोपचार फफूंदनाशक दवा, कीटनाशक एवं नैनो डीएपी से आवश्य करें ताकि फसलों को बीज जनित एवं मृदा जनित रोगो से बचाया जा सके।

# छात्र, एकाग्रता के साथ ग्रहण करें शिक्षा : विधायक

## विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले नन्हें मुन्ने बच्चे आने वाले कल का भविष्य : कलेक्टर

**शहडोल।** जिले के विकासखंड बुढ़ार अंतर्गत नगर परिषद बकहो के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकहो में आज स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेश उत्सव एवं जायफुल लर्निंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी ने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि शिक्षक जब भी पढ़ाएं तो विद्यार्थी एकाग्र मन करके शिक्षक की बातों को सुने एवं पढ़ाई में संपूर्ण ध्यान केंद्रित करके पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि शिक्षक कक्षा में जो भी पढ़ाए उसे अपनी नोटबुक में लिखे एवं घर पर उसे एक बार अवश्य दोहराएं, जिससे लंबे समय तक याद रह सके।

उन्होंने अभिभावकों से भी अपील करते हुए कहा कि अभिभावक भी समय-समय पर बच्चों को स्कूल जाने एवं शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें, जिससे बच्चे प्रतिदिन आनंदित होकर स्कूल जाएं एवं अच्छी शिक्षा प्राप्त करें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने कहा कि प्रवेश उत्सव का दिन शैक्षणिक सत्र का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है। उन्होंने कहा कि प्रवेश उत्सव का आयोजन जिले से समस्त विद्यालयों में किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले यह नन्हें मुन्ने बच्चे आने वाले कल का भविष्य हैं। कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने कहा कि आज प्रवेश उत्सव के दिन सभी शिक्षक एंव पालक यह संकल्प लें कि वे अपने आस-पास के प्रत्येक बालक, बालिकाएं जो स्कूल जाने योग्य हैं उन्हें शत प्रतिशत विद्यालय में प्रवेश दिलाकर प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थिति दिलाएंगें। उन्होंने कहा कि हमारे जिले के शिक्षक बहुत योग्य एवं बहुत मेहनती हैं, उन्होंने ने शिक्षकों से कहा कि शिक्षक पाठ्यक्रम को समय पर पूर्ण करने का प्रयास करें। पाठ्यक्रम को समय पर पूर्ण करके एक बार पुनः रिवीजन कराएं जिससे बच्चों को परीक्षा में अत्यधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा है कि शहडोल संभाग में उन्मेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें शिक्षकों को अपने विद्यालय को आनन्दशाला बनाने एवं बच्चों को विद्यालय की ओर आकर्षित करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया है, जिसका लाभ इस शैक्षणिक सत्र में देखने को मिलेगा। उन्होनें शिक्षकों से कहा कि कैसे अध्ययन के कार्य को रूचिपूर्ण बनाना है, इस पर शिक्षक संयुक्त रूप से कार्य योजना बनाएं एवं कार्य योजना बनाकर इस पर कार्य करें एवं बच्चों को अच्छी एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा देना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान लगभग 4 बच्चों का विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया एवं विद्यालय में उनका फूल-मालाओं से स्वागत भी किया गया, साथ ही नव प्रवेशित छात्रों को पुस्तक का भी वितरण किया गया। साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकहो के कक्षा 10वीं एवं 12वीं में अच्छे अंक अर्जित वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोंसिएशन के अध्यक्ष बने देवी चरण शर्मा



**सीधी।** 18 जून को सायं 5:00 बजे सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 2 के दुर्गा मंदिर प्रांगण में पेंशनर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रान्तीय निकाय के निर्देशानुसार अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु उपस्थित पेंशनर्स को अध्यक्ष पद पर निर्वाचन हेतु निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रस्ताव चाहा गया। पेंशनर्स बीरेन्द्र कुमार द्विवेदी ने देवीचरण शर्मा के नाम का प्रस्ताव किया। समर्थन अम्बिका प्रसाद मिश्र द्वारा किया गया। अन्य प्रस्ताव नहीं होने से श्री शर्मा को प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का अध्यक्ष निर्विरोध रूप से एक स्वर से निर्वाचित घोंषित किया गया। स्थल पर उपस्थित पेंशनर्स ने माल्यार्पण कर नव निवार्रचित अध्यक्ष का स्वागत किया। आर.एन. गुप्ता, बृजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, रामसुन्दर शुक्ला, उदयभान सिंह सेंगर, प्रेमनाथ द्विवेदी, वंशगोपाल गुप्ता, बाबूलाल रावत, संतोष कुमार श्रीवास्तव, एस.पी. द्विवेदी, अवधलाल विश्वकर्मा, नागेश्वर प्रसाद पाण्डेय, शिवराज बहादुर सिंह परिहार, अरूण कुमार मिश्र, गंगा प्रसाद वर्मा, वंशगोपाल विश्वकर्मा, जगदीश प्रसाद उपाध्याय, पोलानी कुम्हार आदि काफी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# कमिश्नर ने पीएससी परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण



**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने आज संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय इंदिरा गांधी महाविद्यालय में चल रही लोक सेवा आयोग के परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने महाविद्यालय में बनाए गए नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया और महाविद्यालय में लोक सेवा आयोग 2024 की प्रारंभिक परीक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर प्राचार्य शासकीय इंदिरा गांधी महाविद्यालय श्री मुकेश तिवारी भी साथ रहे।

# सांसद, भाजपा जिला अध्यक्ष सहित सैकड़ो भाजपाइयों ने डॉक्टर मुखर्जी एवं दीनदयाल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, दी श्रद्धांजलि

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉक्टर मुखर्जी के सपनों को कर रहे सरकार : डॉ राजेश



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पार्टी के संस्थापक सदस्य डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी तारतम्य में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने सैकड़ो भाजपाइयों के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान डॉक्टर मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अमर रहे, अमर रहे की नारे लगे। इस अवसर पर लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को पूरा कर रहे हैं।

धारा 370 हटाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि आज के दिन को भारतीय जनता पार्टी बलिदान दिवस के रूप में पूरे देश भर में मना रही है। जिले के सभी बूथ केन्द्रों पर पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं एवं जगह-जगह विचार गोष्ठी भी आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष के के तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ देवेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अमलेश्वर चतुर्वेदी, विश्व बंधु धर द्विवेदी, अमित प्रधान, सुरेंद्र मणि दुबे, राकेश सिंह, मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा, रमेश गुप्ता, मुन्ना तिवारी, ललन सिंह, संगीता सिह, हरिनाथ सिंह, हरिश अवधिया, संजय सोनी, प्रदीप सिंह, फूलचंद गुप्ता ,जी के पांडे, प्रकाश पांडे सहित सैकड़ो कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अपनी श्रद्धांजलि व्यक्ति की।

# कमिश्नर ने बच्चों को पिलाई पोलियो निरोधी दवा



**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने आज पल्स पोलियो अभियान के तहत जिला चिकित्सालय शहडोल में बच्चों को पोलियो निरोधी दवा पिलाई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए.के. लाल, शिविल सर्जन जिला चिकित्सालय डॉ जीएस परिहार ने भी बच्चों को पोलियो निरोधी दवा पिलाई। इस मौके पर कमिश्नर ने बच्चों के परिजनों से चर्चा की तथा उन्हें पोलियो निरोधी दवाई के महत्व के संबंध में समझाईस दी। कमिश्नर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली।

## संक्षिप्त समाचार

### बेटियों के लिए आईटीआई में पढ़ाई मुफ्त, आर्थिक सहायता भी मिलेगी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने आईटीआई में लड़कियों को प्रोत्साहित करने के लिए एकमुश्त 2500 रुपये वार्षिक और 1000 रुपये उपकरण खरीदने के लिए देने की योजना शुरू की है। लड़कियों के लिए आईटीआई संस्थानों में पढ़ाई भी निशुल्क है। हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान निदेशालय ने आईटीआई में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 जून से बढ़ाकर 25 जून कर दी है। निदेशालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई। जिले में करीब आठ आईटीआई में करीब 21 ट्रेड में करीब 2274 सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं। बीते दिनों ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल में तकनीकी खामी के चलते छात्रों को खासी दिक्कत हुई थी, इसके चलते निदेशालय को अंतिम तिथि बढ़ानी पड़ी। प्रदेश भर के करीब 379 आईटीआई। इनमें करीब 195 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और करीब 184 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मूक एवं बधिर कल्याण केंद्र में इंजीनियरिंग व गैर-इंजीनियरिंग व्यवसाय में इन दिनों ऑनलाइन आवेदन जारी है। जिले में यूं तो 8 आइटीआई में से दो आईटीआई पूरी तरह से लड़कियों के लिए हैं, लेकिन अन्य छह आईटीआई में भी 30 फीसदी सीटें लड़कियों के लिए आरक्षित हैं। आईटीआई में आठवीं, दसवीं और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्रों के लिए अलग-अलग कोर्स मौजूद हैं। आईटीआई के कार्यवाहक प्रधानाचार्य ओमप्रकाश का कहना है कि आईटीआई युवाओं के लिए भविष्य की राह आसान कर देती है। दो वर्ष का किसी भी ट्रेड में कोर्स करने पर डिप्लोमा के दूसरे साल में सीधे दाखिला मिल जाता है।

### घर से निकाल देंगे डेढ़ करोड़ का सोना; मौलाना ने पति-पत्नी को जाल में फंसा ऐसे की ठगी

**रांची एजेंसी।** झारखंड के रांची के रातू थाना क्षेत्र के केशवनगर निवासी ठेलावाले अशोक साहू और उसकी पत्नी ललिता देवी से एक मौलाना अयूब हरियाणा निवासी ने 3.40 लाख रुपए की ठगी कर ली। बताया जाता है कि मौलाना घर से डेढ़ करोड़ रुपए का सोना निकालने के नाम पर रुपए की ठगी की है। ठगी में मौलाना का साथ उसका साला सहमत अंसारी और ठगी का शिकार अशोक साहू के चचेरे ससुर विजय साहू ने भी दिया। शनिवार को सोना निकालने का दिन था, परंतु मौलाना केशवनगर आया और सोना निकालने से इनकार कर दिया। इसके बाद अशोक साहू की पत्नी ललिता देवी ने उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान एक युवक वहां पहुंचा उसने कहा कि रुको मैं आदमी लेकर आ रहा हूं तो उसकी भी स्थानीय लोगों ने पिटाई कर दी। इसके बाद घटना की जानकारी रातू थाना को दी गई। समाचार लिखे जाने तक इस मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी। पीड़ित अशोक साहू ने बताया कि 10 माह पहले अगस्त में मेरी मुलाकात मौलाना अयूब से हुई, उसके साथ मेरा चचेरा ससुर भी साथ था। दोनों ने जादू-टोना का भय दिखाकर 3.40 लाख रुपये ले लिया। मौलाना ने कहा डेढ़ करोड़ रुपये का सोना तुम्हारे घर से निकाल कर देंगे। इसके बाद घर में आठ फीट गड्ढा करवा कर उसमें एक घड़ा डाला, जिसे कभी नहीं निकालने की बात कही उसने कहा कि घड़ा हम ही निकालेंगे। शनिवार को सोना निकालने के लिए आया फिर उसने कहा कि आज सोना नहीं निकलेगा अभी 15 दिन और लगेगा। उसकी बातों से ठगी का शिकार परिवार गुस्से में आ गया और मौलाना अयूब, सहमत अंसारी और विजय साहू की पिटाई कर दी। साला के साथ मांडर में रहता है मौलाना पीड़ित अशोक साहू के अनुसार मौलाना अयूब अभी मांडर के किसी गांव में अपने साला के साथ रहता है। उसके पास तीन आधार कार्ड है, किसी में उसका पता हरियाणा, किसी में दिल्ली और तीसरे में शायद झारखंड या बंगाल है। इस मामले की रातू पुलिस जांच कर रही है।

### नीट पेपर लीक मामले में झारखंड के पांच स्कूलों के प्राचार्यों से पूछताछ

**हजारीबाग, एजेंसी।** नीट पेपर लीक मामले में हजारीबाग एक बार फिर देश स्तर पर चर्चा में आ गया है। पटना में नीट पेपर के जले बुकलेट बरामद हुए हैं। इनके हजारीबाग सेंटर से लीक होने की आशंका पर बिहार आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की तीन सदस्यीय टीम हजारीबाग पहुंची। हजारीबाग में इस बार नीट की परीक्षा के लिए पांच सेंटर बनाए गए थे। इनमें लोहसिंघना थाना क्षेत्र स्थित ओएसिस स्कूल नया सेंटर के रूप शामिल हुआ था। अन्य स्कूलों में डीएवी, संतजेवियर्स, रामकृष्ण विवेकानंद और हॉलीक्रॉस थे। डीएवी से इस बार 840 विद्यार्थियों ने नीट की परीक्षा दी। इस स्कूल में 2022 से जब से परीक्षा हो रही है तब से नीट की परीक्षा ली जा रही है। बिहार से आई आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने प्राचार्य से फोन करके डिजिटल लॉक के बारे में पूछा। पूछा कि प्रश्न पत्र का डिजिटल लॉक कैसे खुला। प्राचार्या ने बताया कि पूरे भारत में डिजिटल लॉक नहीं खुलने की शिकायत थी। ऐसे में वरीय अधिकारी से आदेश लेकर डिजिटल लॉक तोड़ा गया।

## पानी पर और बढ़ी तकरार, आतिशी नहीं पीछे हटने को तैयार; एलजी बोले- आपदा में अवसर खोज रही आप सरकार





**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में जल संकट को लेकर छिड़ा सियासी रण अब और भीषण हो चला है। पानी पर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार और दिल्ली के उपराज्यपाल के बीच तकरार और बढ़ गई है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी जहां अब पीछे हटने को तैयार नहीं हैं, वहीं एलजी आप पर आपदा में अवसर खोजने का आरोप लगा रहे हैं।

हरियाणा से दिल्ली के लिए पर्याप्त पानी न दिए जाने के विरोध में दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का भोगल में अनशन शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। उन्होंने एक बार फिर हरियाणा सरकार पर दिल्ली के पानी में जानबूझकर कटौती करने का आरोप लगाया। आतिशी ने दिल्ली जल बोर्ड से पानी के आंकड़े मंगवाए और कहा कि शुक्रवार को दिल्ली के लिए हरियाणा से 110 एमजीडी पानी कम मिला है। आतिशी ने कहा कि जब तक हरियाणा से दिल्ली को उसके हक का पानी नहीं मिल जाता, तब तक अनशन जारी रहेगा।

**बूंद-बूंद पानी के लिए तरस लोग :** आतिशी ने अपने अनशन के दूसरे दिन भोगल के शिव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का अभिषेक और पूजा-अर्चना की। इसके बाद वह मंच पर पहुंचीं। इससे पहले उन्होंने दिल्ली के लोगों के लिए वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि 100 एमजीडी पानी कम मिलने से दिल्ली के 28 लाख लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल बोर्ड के आंकड़ों से पता चला है कि शुक्रवार को हरियाणा ने दिल्ली को 110 एमजीडी पानी कम दिया है। दो दिन से अनशन पर बैठीं जल मंत्री के स्वास्थ्य का परीक्षण करने पहुंचे डॉक्टरों ने बताया कि आतिशी वजन में 700 ग्राम की कमी आई है।

**'यह राजनीति करने का समय नहीं' :** राजधानी में जल संकट को लेकर चल रही राजनीति पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि उत्तर भारत में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच दिल्ली में पानी की आपूर्ति एक चुनौती बन गई है, लेकिन दिल्ली के नेताओं ने राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए पड़ोसी राज्यों पर दोषारोपण कर इस संकट को अवसर में बदल दिया है। यह राजनीति करने का समय नहीं है।

उपराज्यपाल ने कहा है कि नेताओं के इस रवैये से दिल्लीवालों की समस्या और बढ़ गई है। राजनीति के चलते पानी की कमी से जूझ रहे पड़ोसी राज्यों में भी नाराजगी है। पीने के पानी की आपूर्ति के लिए दिल्ली पूरी तरह से उत्तर प्रदेश और हरियाणा पर निर्भर है। अंतरराज्यीय जल बंटवारे की व्यवस्था भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की ओर से बनाए गए संस्थागत तंत्र के माध्यम से तय की जाती है। इस ढांचे के तहत हस्ताक्षरित समझौतों के अनुसार राज्य पानी छोड़ने के लिए बाध्य हैं। इसी तरह सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है कि शहर में समान आपूर्ति हो और जल संसाधन का बेहतर ढंग से उपयोग हो। सरकार ने न तो जल नेटवर्क में सुधार और क्षमता में वृद्धि की है और ना ही बातचीत का रास्ता चुना है। उपराज्यपाल ने कहा कि यह अजीब लगता है कि राजनीतिक रूप से चुनी गई सरकार ऐसा व्यवहार करती है, मानो वह हमेशा से विपक्ष में है। आप सरकार द्वारा केंद्र सरकार, अन्य राज्य सरकारों और अपने मंत्रियों के नेतृत्व वाले विभागों के खिलाफ मुकदमेबाजी का सहारा लेती है। आप सरकार की ओर से हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में ऐसे लगभग 20 मामले दायर किए गए हैं। यह हैरान करने वाली बात है कि 10 वर्षों से दिल्ली में चल रही सरकार ने जल शोधन क्षमता बढ़ाने के लिए कोई कार्य नहीं किया। दिल्ली में पानी की पाइपलाइन पुरानी हो चुकी हैं और कई जगहों पर लीकेज की समस्या है। दिल्ली जल बोर्ड को पुरानी पाइप लाइन बदलने के साथ लीकेज ठीक करने पर काम करना चाहिए।

दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज का कहना है कि दिल्ली के इतिहास में कभी हरियाणा सरकार द्वारा जल आपूर्ति को इस तरह से प्रभावित नहीं किया गया है, लेकिन फिर भी दिल्ली के उपराज्यपाल इन तथ्यों को स्वीकार करने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली के उपराज्यपाल से सहमत हैं कि शासन सौहार्दपूर्ण माहौल में चलाया जाना चाहिए, लेकिन हम यह समझने में असमर्थ हैं कि भाजपा शासित हरियाणा सरकार द्वारा दिल्ली को करीब 100 एमजीडी पानी कम दिया जा रहा है। मैं और मंत्री आतिशी उपराज्यपाल से मिलने के लिए गए थे। उन्होंने तीन कैमरे लगाकर बैठक को रिकॉर्ड भी किया। वह उस बैठक की रिकॉर्डिंग को जारी कर दें।

## झारखंड में पानी पीने के बाद 20 स्कूली बच्चे बीमार, टंकी में दिखा सफेद रंग का पाउडर

**चंदवा (लातेहार) एजेंसी।** झारखंड के चंदवा प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डुरु में सिंटेक्स का गंदा पानी पीने से शनिवार को दस बजे करीब 20 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई । पहीं उन्हें उल्टी और चक्कर आने लगे। आनन-फानन में सभी आक्रांत बच्चों को एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया। जहां डॉ तरुण जोश लकड़ा ने उनका इलाज किया। उन्होंने बताया कि सभी बच्चे फिलवक्त खतरे से बाहर हैं।

**पानी से बदबू आने की शिकायत :** प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को बच्चे भोजन करने के बाद स्कूल में लगी टंकी का पानी को पीने लगे। पानी पीने के बाद कई बच्चों ने पानी से बदबू आने की शिकायत की। इसके बाद कई बच्चों को उल्टी होने लगी। स्थिति को देखते हुए शिक्षकों ने तत्परता दिखाते हुए स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। पानी की टंकी में कुछ पदार्थ मिले होने की आशंका

इस संबंध में स्कूल के शिक्षक ने बताया कि टंकी के पानी पीने के बाद बच्चों ने बताया कि पानी में बास आ रही थी। इसके बाद उन्होंने टंकी में झांकर देखा तो उसमें सफेद पाउडर का अंश नजर आया। शिक्षकों ने पानी का सैम्पल लेकर उसे चिकित्सको को सौंप दिया गया।

अस्पताल पहुंचे बीडीओ-सीओ इस मामले की सूचना पाते ही चंदवा बीडीओ चंदन कुमार और सीओ जयशंकर पाठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचे व बच्चों का हाल जाना। विद्यालय के शिक्षकों से आवश्यक जानकारी ली। कहा कि उक्त पानी का सैम्पल लिया गया है। जांच के लिए भेजा जाएगा।

**पानी में डाला केमिकल बन सकता था जहर :** शनिवार को स्कूल के बच्चे पानी पीने के बाद अचानक से पेट दर्द और उल्टी लगने जैसे की शिकायत लेकर शिक्षक के पास जाने लगे। शिकायतें सुनकर शिक्षकों के भी होश उड़ गए। आनन फानन मे इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी गई और अस्पताल प्रबंधन को भी फोन किया गया। जब टंकी के ऊपर चढ़कर देखा गया टंकी के अंदर सफेद रंग का पाउडर नुमा कुछ केमिकल डाला हुआ है। शिक्षकों को किसी अनहोनी का संदेह हुआ उन्होंने तुरंत सभी को अस्पताल भेजा।

### घर में बंद कर पीटा, बाल काटे और पेशाब पिलाया; ग्रेटर नोएडा में टोने-टोटके के शक में महिला से दरिंदगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर क्षेत्र के खेड़ी गांव में एक ठेकेदार के परिवार द्वारा टोने-टोटके के शक में एक महिला के साथ मारपीट कर उसके बाल काटे और पेशाब पिलाने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि आरोपियों द्वारा शर्मनाक घटना का वीडियो भी बनाया गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने आरोपी ठेकेदार, उसकी पत्नी और बेटी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, पुलिस ने वीडियो बनाए जाने की बात से इनकार किया है। सूरजपुर पुलिस के मुताबिक, बिहार के पूर्णिया की रहने वाली मजदूर महिला खेड़ी गांव में किराये के मकान में रहती है। महिला का आरोप है कि बिहार का ही रहने वाला ठेकेदार ननूवा उर्फ नन्नू अपने परिवार के साथ उसके पड़ोस में रहता है। महिला ने पुलिस को बताया कि ठेकेदार की एक बेटी बीमार रहती है। ठेकेदार और उसकी पत्नी को पीड़ित महिला पर शक है कि उसने उनके घर में कुछ टोना-टोटका करवा रखा है। इससे उनकी बेटी की तबीयत खराब रहती है। महिला का आरोप है कि इसी बात के शक में ठेकेदार के परिवार ने उसके साथ मारपीट की। परिवार के सदस्यों ने महिला को घर में बंद कर बुरी तरह पीटा। उसके बाल काटे और जबरन पेशाब पिलवाया। इतना ही नहीं आरोपियों ने पूरी घटना का वीडियो भी बनाया।

## ईडी के रडार पर आया एटीएस ग्रुप, 63 प्रोजेक्ट्स की रिपोर्ट तलब; इन 6 बिंदुओं पर मांगी जानकारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नोएडा प्राधिकरण से एटीएस ग्रुप या उससे जुड़े 63 प्रोजेक्ट्स के बारे में छह बिंदुओं पर जानकारी मांगी है। इनमें खुद एटीएस के नाम से 26 कंपनियां हैं। ईडी द्वारा जमीन आवंटन से लेकर बकाये तक के बारे में जानकारी मांगी है।

प्राधिकरण के सीईओ को भेजे पत्र में 28 जून तक जानकारी देने के लिए कहा है। आशंका है कि ईडी को एटीएस ग्रुप और अन्य कंपनियों के बीच लेन-देन में गड़बड़ी को लेकर शिकायत मिली है, इसके चलते जानकारी मांगी गई है। ईडी के लखनऊ स्थित जोनल मुख्यालय के उपनिदेशक ज्वलिन तेजपाल की ओर से नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को परियोजनाओं से संबंधित जानकारी देने के लिए पत्र भेजा गया है। पत्र में 63 प्रोजेक्ट्स के नाम हैं। सचूना मांगने का आधार मनी लॉन्ड्रिंग बताया गया है। ईडी के इस पत्र के बारे में नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि अभी यह पत्र सामने नहीं आया है। हो सकता है कि ऑफिस में डाक के जरिये आया हो। पत्र में, जो जानकारी मांगी गई है, उसको तय समय में उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस बारे में एटीएस के निदेशक गीतांबर आनंद के मोबाइल पर कॉल और मैसेज कर जानकारी मांगी गई, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। आम्रपाली और सुपरटेक मामले में पहले से ही चल रही जांच ईडी नोएडा से जुड़े अन्य बिल्डरों की परियोजनाओं को लेकर भी जांच कर रहा है। आम्रपाली, सुपरटेक,





यूनिटेक के अलावा थ्रीसी बिल्डर की परियोजनाएं जांच के दायरे में हैं। पिछले महीने ही ईडी ने थ्रीसी की लोटस 300 और लोटस बुलेवर्ड को लेकर जानकारी मांगी थी। **खरीदार लगा रहे हेराफेरी का आरोप :** शहर में करीब 70-80 हजार खरीदार फ्लैट पाने और 30 हजार से अधिक खरीदार रजिस्ट्री के इंतजार में हैं। समय पर परियोजनाएं पूरी न करने और रजिस्ट्री रुकी होने को लेकर खरीदार आए दिन प्रदर्शन कर रहे हैं। खरीदार लगातार आरोप लगा रहे हैं कि बिल्डरों ने उनसे लिए धन को दूसरी परियोजनाओं या अन्य व्यवसाय में लगा दिया। बिल्डर ने पैसों की हेराफेरी कर उनके साथ धोखा किया है। खरीदारों को फ्लैट पर कब्जा दिलवाने और रजिस्ट्री कराने के लिए शासन ने अमिताभकांत समिति की सिफारिशों को लागू कर रखा है। इसमें बिल्डरों को कोरोना काल के समय का दो साल का जीरो पीरियड का फायदा दिया जा रहा है। इसके बावजूद बड़े बिल्डर सहमति देकर बकाया जमा करने को आगे नही आ रहे हैं। इससे फ्लैट खरीदारों को इसका अधिक फायदा नही मिल पा रहा है। स्पोर्ट्स सिटी में भी मामला फंसा हुआ है। यहां खेल सुविधा विकसित नही करने पर प्राधिकरण ने रजिस्ट्री समेत कई प्रिक्रिया पर रोक लगा रखी है।

## गाजियाबाद में अब प्रॉपर्टी खरीदना होगा और महंगा, सर्किल रेट बढ़ाने की तैयारी शुरू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद में अब प्रॉपर्टी खरीदना और महंगा होने जा रहा है। जिले में डीएम सर्किल रेट बढ़ाने की तैयारी शुरू हो गई है। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व और सहायक महानिरीक्षक निबंधन की बैठक हुई। इसमें सर्किल रेट बढ़ाने से पहले सभी तैयारी करने के निर्देश दिए।



उन्होंने सभी उप निबंधक से संबंधित एसडीएम और तहसीलदार से वार्ता कर नए प्रस्तावित सर्किल रेट का प्रस्ताव 15 जुलाई तक देने के लिए कहा है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट ने सभी सब रजिस्ट्रार को निर्देश दिए कि जिस क्षेत्र में बाजार दर सर्किल रेट से अधिक हैं उनकी जांच संबंधित एसडीएम और तहसीलदार से वार्ता कर वृद्धि प्रस्ताव दिया जाए। सर्किल रेट में सेगमेंट का फिर से परीक्षण किया जाए। यदि किसी नए सेगमेंट की आवश्यकता है तो उसे प्रस्ताव में शामिल किया जाए। ऐसे क्षेत्र मुख्य मार्ग जिनमें व्यवसायिक गतिविधियों का विस्तार हो रहा है उनमें नए सेगमेंट का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। वहीं, दूसरी ओर गाजियाबाद में जीडीए की जिन योजनाएं में बड़े प्लॉट खाली पड़े हैं, उन्हें छोटा कर बेचा जाएगा। इसके लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ऐसे प्लॉटों की सूची तैयार कर रहा है, ताकि उन्हें बेचने की योजना तैयार हो सके। जीडीए की विभिन्न योजनाओं में दो हजार वर्ग मीटर से बड़े और छोटे प्लॉट खाली पड़े हैं। बड़े प्लॉटों में ग्रुप हाउसिंग से लेकर व्यवसायिक समेत अन्य लैंड यूज वाले प्लॉट मौजूद हैं। यह प्लॉट करीब दस साल से नहीं बिक सके हैं। अब प्राधिकरण इन प्लॉटों को बेचने के लिए सूची तैयार करेगा, ताकि इनका लैंड यूज देखा जा सके। जरूरत पड़ने पर लैंड यूज भी परिवर्तित किया जाएगा : खाली पड़े प्लॉटों के लैंड यूज के आधार पर इन्हें छोटा करने की योजना बनेगी। जरूरत पड़ी तो इनके लैंड यूज भी में बदलाव किया जा सकता है। जीडीए के अपर सचिव बताते हैं कि प्राधिकरण की संपत्ति खरीदने में लोग रुची दिखा रहे हैं। ऐसे में इन प्लॉटों को भी बेचने की योजना बनाई जा रही है।

## जून की कमी जुलाई में पूरी करेगा मॉनसून, ला नीना के कारण होगी मूसलाधार बारिश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लाखों लोगों को चिलचिलाती गर्मी का सामना कर पड़ा रहा है। किसानों को सिंचाई के लिए अपने खेतों में पानी का इंतजार है। इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अपने नए पूर्वानुमान में कहा है कि मॉनसून 3 जुलाई तक पूरे देश में फिर से बढ़ना शुरू करेगा और उत्तर-पश्चिम भारत में बरसने लगेगा। इससे दिल्ली के साथ-साथ पंजाब और हरियाणा जैसे कृषि प्रमुख राज्य शामिल हैं। आपको बता दें कि 11 जून के बाद से मॉनसून की रफ्तार सुस्त हो चुकी है। गुरुवार को मध्य भारत के कुछ हिस्सों में ही यह थोड़ा आगे बढ़ी है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने कहा, हमें जुलाई के पहले सप्ताह के आसपास अच्छी रिकवरी की उम्मीद है और जून से हुई कमी उस अवधि के दौरान पूरी हो जाएगी। अगले 3-4 दिनों के दौरान मॉनसून के गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, गंगा के तटीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के शेष हिस्सों, झारखंड के कुछ हिस्सों, बिहार के कुछ और हिस्सों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने की उम्मीद है। मौसम एजेंसी ने यह बी भविष्यवाणी की है कि 27 जून से यह उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में जोर पकड़ेगा। आईएमडी के पूर्वानुमान में कहा गया है, इस दौरान पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और पश्चिमी राजस्थान को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में बारिश की गतिविधि सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। ला नीना कराएगा भारी बारिश आईएमडी ने यह भी कहा है कि वर्तमान में अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ) की स्थितियां बनी हुई हैं। अगस्त के आसपास ला नीना विकसित होने की उम्मीद है। अल नीनो भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र का चक्रीय वार्मिंग है, जो दुनिया भर के मौसम पर एक व्यापक प्रभाव डालता है। भारत में यह आमतौर पर कमजोर मॉनसून के मौसम का कारण बनता है। ला नीना इसके विपरीत घटना है। इसके कारण भारतीय उपमहाद्वीप में अधिक बारिश होती है। मौसम विज्ञानी एम राजीवन ने कहा, मॉनसून फिर से सक्रिय हो रहा है। जुलाई के पहले सप्ताह तक मॉनसून आ जाएगा। हमें अगले 2-3 सप्ताह तक अच्छी बारिश की उम्मीद करनी चाहिए। सामान्य से अधिक मॉनसून वाली बारिश होगी। हमें अगस्त में ला नीना के कारण सामान्य से अधिक बारिश की उम्मीद करनी चाहिए। आपको बता दें कि मॉनसून की प्रगति लगभग नौ दिनों से रुकी हुई थी। शनिवार तक मॉनसून की उत्तरी सीमा नवसारी, जलगांव, मंडला, पेंड्रा रोड, झारसुगुड़ा, बालासोर, हल्दिया, पाकुर, साहिबगंज और रक्सौल से होकर गुजरी। आईएमडी को अगले 3-4 दिनों में उत्तरी अरब सागर, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में मॉनसून के आगे बढ़ने की उम्मीद है।

## बूंद-बूंद पानी को तरसती दिल्ली में नहाने के विवाद में 2 लोगों का कत्ल, कहीं दनादन चलीं गोलियां

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के अशोक विहार स्थित जेलर वाला बाग इलाके में स्विमिंग पूल में नहाने को लेकर हुए विवाद में शुक्रवार देर रात नाबालिग समेत दो लोगों की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर पूछताछ के लिए छह युवकों को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि करीब एक सप्ताह पहले स्विमिंग पुल में हुए झगड़े को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था। मृतकों में 17 वर्षीय विपुल और 18 वर्षीय विशाल शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक, 17 वर्षीय विपुल उर्फ साहिल परिवार के साथ वजीरपुर की चंद्रशेखर आजाद जेजे कॉलोनी के सी ब्लॉक की गली नंबर 6 में रहता था। उसका परिवार मूल रूप से यूपी के आजमगढ़ का रहने वाला है। विपुल के पिता राजाराम ने बताया कि विपुल ने नौवीं कक्षा तक पढ़ाई की थी। एक माह पहले तक वह एक फैक्ट्री में काम करता था, लेकिन कुछ दिन से काम नहीं कर रहा था। शुक्रवार रात घर के सभी सदस्य सो गए थे। इस बीच पड़ोसी विशाल उसे बुलाकर ले गया। सुबह करीब 3 बजे एक पड़ोसी ने बताया कि किसी ने विपुल को चाकू मार दिया है। यह सुनते ही परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। उधर, पड़ोस में रहने वाले 18 वर्षीय विशाल के घर में भी मातम पसरा हुआ है। उसका परिवार मूल रूप यूपी के जिला मऊ का रहने वाला है।





वह परिवार के साथ डी ब्लॉक में रहता था। घर में पिता अशोक कुमार, माता मुन्नी देवी और बड़ा भाई बिट्टू हैं। अशोक ने बताया कि विशाल एक फैक्ट्री में काम करता था। बड़े भाई बिटटू ने बताया कि रात करीब 10 बजे सभी विशाल को खाना खाकर सो जाने की बोलकर छत पर चले गए थे। इस बीच रात करीब रात करीब साढ़े 10 बजे विशाल के पास किसी का फोन आया था, जिसके बाद वह घर से चला गया। इसके बाद पता चला कि नहर से करीब 500 मीटर दूर संकरी गली में विशाल और विपुल की हत्या कर दी गई है।

**खूनी झड़प हुई थी :** शुक्रवार रात विपुल और विशाल अपने दो-तीन दोस्तों को लेकर दूसरे पक्ष के दो भाइयों अनुज और सूरज के घर पर हमला करने गए थे। सूरज ने भी अपने दोस्तों को बुला लिया था। वहां दोनों पक्षों में खूनी झड़प हुई। इसमें विपुल और विशाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने कहा, नशा बेचने के विरोध पर कहासुनी विशाल के भाई बिट्टू का आरोप है कि एरिया में बड़े पैमाने पर स्मैक और गांजा बेचने कर अवैध धंधा चल रहा है। इसमें इलाके के कुछ लोग शामिल हैं। ये इस अवैध धंधे को नाबालिगों के जरिये चलाते हैं। घर के सामने नशे की खरीद-फरोख्त पर विशाल ने टोका था, जिसकी वजह से विवाद हुआ था। इसी कारण आरोपियों ने हत्या को अंजाम दिया। दोनों को कमरे में बंधक बनाकर मारा गया। पानी सप्लाई को लेकर गोलियां चलीं वहीं, दिल्ली के ही जामिया नगर इलाके में 21 जून की रात पानी को लेकर दो गुटों में झगड़ा हो गया। इसमें चार लोग घायल हो गए हैं। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर फायरिंग की है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।



टी-20 वर्ल्डकपः अफगानिस्तान ने किया बड़ा उलटफेर

# सुपर 8 में ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हराया

**किंग्सटाउन, एजेंसी।** अफगानिस्तान से टी 20 विश्वकप में यहां बड़ा उलटफेर करते हुए सुपर8 के मैच में ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हरा दिया है। रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जारदान की शतकीय ओपनिंग साझेदारी के दम पर 20 ओवर 148/6 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने के बाद अफगानिस्तान ने सधी हुई गेंदबाजी की और ऑस्ट्रेलिया को 19.2 ओवर में 127 रन पर समेट कर मैच अपने नाम कर लिया। गुलबदीन नायब ने चार ओवर में 20 रन देकर चार विकेट चटकाए। नवीन-उल-हक ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से ग्लेन मैक्सवेल (59) को छोड़कर कोई बल्लेबाज टिक नहीं सका। मैक्सवेल ने 41 गेंदों की अपनी पारी में तीन छक्के और छह चौके लगाये। टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने के बाद 149 रन के आसान से दिखने वाले लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। उसने पहले ओवर की तीसरी गेंद पर शून्य के स्कोर पर ट्रेविस हेड के रूप में पहला विकेट गंवा दिया। नवीन-उल-हक की गेंद उनका मिडिल स्टंप ले उड़ी। हक ने मैच के तीसरे ओवर में मिशेल मार्श (12) को धीमी गेंद पर मोहम्मद नबी के हाथों कैच कराया।

उस समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 16 रन था। छठे ओवर की पहली गेंद पर डेविड वॉर्नर मोहम्मद नबी का शिकार बने। इसके बाद मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस (11) के बीच 39 रन की साझेदारी हुई। नायब ने 11वें ओवर में 71 के स्कोर पर स्टोइनिस को पवेलियन भेजा। और कोई बल्लेबाज मैक्सवेल का साथ नहीं दे सका। 106 के स्कोर पर नायब ने मैक्सवेल को नूर अहमद के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की रही सही उम्मीद भी समाप्त कर दी। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया।

## हार्दिक और कुलदीप के कहर से बांग्लादेश ध्वस्त, भारत शान से सेमीफाइनल में


**नार्थ साउंड, एजेंसी।** आलराउंडर हार्दिक पांड्या (नाबाद 50 और 32 रन पर एक विकेट) के बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन और चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव (19 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी से भारत ने बांग्लादेश को टी 20 विश्व कप के अपने दूसरे सुपर आठ मुकाबले में शनिवार को 50 रन से रौंद कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने पांच विकेट पर 196 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद बांग्लादेश को आठ विकेट पर 146 रन पर थाम लिया और सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली पहली टीम बन गयी। भारत का सुपर आठ में आखिरी मुकाबला सोमवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारत की टूर्नामेंट में यह पांचवीं जीत है। उसका कनाडा के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच बारिश के कारण रद्द रहा था।



भारत की बांग्लादेश के खिलाफ 14 टी20 मैचों में यह 13वीं जीत है जबकि उसने टी20 विश्व कप में सभी पांच मैच जीते हैं। इस मैच में सभी खिलाड़ियों से योगदान देखने को मिला। हालांकि हार्दिक और कुलदीप ने सबसे अधिक प्रभावित किया। बांग्लादेश के कप्तान ने टॉस के दौरान ही बोला था कि 150-160 इस विकेट पर अच्छा स्कोर होगा। लेकिन हार्दिक ने पहले तेज़ अर्धशतक लगाया और गेंदबाज़ी में कुलदीप ने बांग्लादेश को वापसी नहीं करने दी। जडेजा और अक्षर को छोड़कर भारत के सभी गेंदबाजों को विकेट मिला। भारत ने विशाल स्कोर बनाने के बाद बांग्लादेश को मुकाबले में एक बार भी खुलकर खेलने नहीं दिया। पहले 10 ओवर तक बांग्लादेश का स्कोर दो विकेट पर 67 रन था लेकिन इसके बाद वे लगातार विकेट गंवाते रहे और रन रेट लगातार बढ़ता रहा। कुलदीप ने तंजीद हसन, मो. तौहीद हृदोय और शाकिब अल हसन के विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने दो-दो विकेट लिए जबकि हार्दिक के हिस्से में एक विकेट आया।

इससे पहले भारत ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए आक्रामक शुरुआत की थी लेकिन बीच में तंज़ीम साकिब ने एक ही ओवर में विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव को आउट कर भारत की रफ्तार को धीमा ज़रूर किया लेकिन पहले ऋषभ पंत और फिर शिवम दुबे और हार्दिक ने भारत को एक बड़े स्कोर तक पहुंचा दिया। हार्दिक ने मात्र 27 गेंदों पर 50 रन में चार चौके और तीन छक्के लगाए। शिवम दुबे ने 24 गेंदों पर 34 रन में तीन छक्के मारे। पंत ने 24 गेंदों पर 36 रन में चार चौके और दो छक्के लगाए। विराट कोहली ने 28 गेंदों पर 37 रन में एक चौका और तीन छक्के मारे। कप्तान रोहित शर्मा ने 11 गेंदों पर 23 रन में तीन चौके और एक छक्का लगाया। सूर्यकुमार यादव ने अपनी पारी में एक छक्का लगाया और दूसरी गेंद पर आउट हो गए। भारत ने बांग्लादेश के बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने के फैसले का पूरा फायदा उठाते हर अपनी पारी में 12 चौके और 13 छक्के लगाए। भारत की बल्लेबाजी का यह आलम था कि विकेट पर उतरने वाला हर बल्लेबाज निर्भिक अंदाज में खेल रहा था और आने के साथ ही बॉउंड्री लगा रहा था। बांग्लादेश की तरफ से तंजीब साकिब और रिशाद हुसैन ने दो-दो विकेट लिए।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो को कोच करना बहुत आसान हैः पॉल क्लेमेंट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो को हमेशा से दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माना जाता रहा है, लेकिन कई लोगों का मानना है कि इस स्ट्राइकर के साथ काम करना आसान नहीं है।रियल मैड्रिड के पूर्व असिस्टेंट मैनेजर पॉल क्लेमेंट ने सभी अफवाहों को खारिज करते हुए कहा है कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो को कोच करना बहुत आसान है। पॉल क्लेमेंट ने एथलेटिक से कहा कि उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना सौभाग्य की बात थी। क्रिस्टियानो रोनाल्डो को कोच करना बहुत आसान है।

मुझे कोई भी ऐसा खिलाड़ी याद नहीं है जो उनसे बेहतर प्रोफेशनल रहा हो। क्लेमेंट रियल मैड्रिड में अपने समय के दौरान जोस मोरिन्हो के स्टाफ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे और उन्होंने बताया कि किसी भी टीम के लिए उनकी क्षमता वाला खिलाड़ी कितना महत्वपूर्ण है। क्लेमेंट ने कहा कि क्रिस्टियानो जैसा खिलाड़ी हमेशा अलग होता है, लेकिन जोस के साथ, टीम हमेशा सभी से ऊपर थी। ऐसे क्षण भी थे जब क्रिस्टियानो ने गोल किए, जैसा कि वह हमेशा करते थे, लेकिन ऐसे क्षण भी थे जब जोस और टीम को पता था कि उन्हें बचाव करने की आवश्यकता है।

क्रिस्टियानो पहले व्यक्ति थे जिन्होंने बचाव किया। आपको उन्हें यह दिखाना होगा कि उनके द्वारा बनाए गए सभी गोलों के अलावा, ऐसे अन्य क्षण भी होते हैं जब आपको कुछ अन्य चीजें करने की आवश्यकता होती है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो 2009 में लॉस गैलेक्टिकोस में शामिल हुए और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्लब में किसी भी खिलाड़ी द्वारा शायद सबसे बेहतरीन कार्यकाल दिया। उन्होंने क्लब के साथ 438 मैच खेले और 450 गोल और 131 असिस्ट किए, जबकि चार यूएफा चैंपियंस लीग ट्रॉफी और दो ला लीगा खिताब जीते।

Paris Olympics

## विंबलडन और पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगे मरे?



**लंदन, एजेंसी।** मरे ने पीठ दर्द के कारण बुधवार को क्वींस क्लब में अपने दूसरे दौर के मैच को बीच में ही छोड़ दिया था, तब वह जॉर्डन थॉम्पसन से 1-4 से पीछे चल रहे थे। ब्रिटेन के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे का वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन और अगले महीने से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में खेलना फिलहाल तय नहीं है मरे इन दोनों टूर्नामेंट में खेलने को लेकर कोई भी फैसला पीठ की चोट से निपटने के लिए होने वाली सर्जरी के बाद लेंगे। मरे ने पीठ दर्द के कारण बुधवार को क्वींस क्लब में अपने दूसरे दौर के मैच को बीच में ही छोड़ दिया था, तब वह जॉर्डन थॉम्पसन से 1-4 से पीछे चल रहे थे।

### लगातार चोटिल हो रहे हैं मरे

ब्रिटेन के इस खिलाड़ी ने मुकाबले के शुरू होने से पहले ही अपने दाहिने पैर में परेशानी की शिकायत की थी। मरे पिछले कई साल से लगातार अलग-अलग चोट का सामना कर रहे हैं। दो बार के विंबलडन विजेता मरे ने इस साल के अंत में संन्यास लेने का संकेत दिया है। उनकी प्रबंधन टीम ने पुष्टि की कि शनिवार को उनकी सर्जरी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इस बारे में कोई अन्य जानकारी नहीं दी गई। ऑल इंग्लैंड क्लब (विंबलडन) में पहले दौर का खेल एक जुलाई से शुरू होगा।

# बजरंग पूनिया दो महीने में दूसरी बार सस्पेंड

● एंटी-डोपिंग एजेंसी ने सैंपल नहीं देने की वजह से नोटिस दिया ● 11 जुलाई तक जवाब मांगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी ने पहलवान बजरंग पूनिया को सस्पेंड कर दिया है और साथ ही नोटिस भी भेजा है। बजरंग पूनिया ने मार्च में सोनीपत में हुए नेशनल ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना सैंपल नहीं दिया था, जिसके बाद इ्ड ने यह एक्शन लिया है। नोटिस के खिलाफ जवाब देने के लिए बजरंग पूनिया के पास 11 जुलाई तक का समय है। इससे पहले, 5 मई को भी NADA की उन्हें सस्पेंड कर दिया था। जब पिछली बार NADA ने बजरंग को निलंबित किया था, तो उनका निलंबन अनुशासनात्मक पैनल द्वारा रद्द कर दिया गया था, क्योंकि उन्हें नोटिस जारी नहीं किया गया था।

अब NADA ने निलंबन के साथ-साथ बजरंग पूनिया को नोटिस भी जारी किया है। 10 मार्च को ओलिंपिक गेम्स में हिस्सा लेने के लिए हुए एशियन क्वालिफायर्स के नेशनल ट्रायल्स के दौरान NADA ने बजरंग से सैंपल देने के लिए कहा था। लेकिन, बजरंग ने सैंपल देने से इनकार कर दिया।

### बृजभूषण पर यौन शोषण के आरोप लगाए थे

पहलवानों ने WFI के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण पर महिला रेसलर्स



के यौन शोषण के आरोप लगाए थे। इसको लेकर बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक की अगुआई में आंदोलन हुआ।

पहलवानों ने पहले जंतर-मंतर पर धरना दिया। इसके बाद उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिए और दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण पर केस दर्ज किया। इस मामले की कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इसी दौरान WFI के चुनाव हुए तो बृजभूषण के करीबी संजय सिंह चुनाव जीत गए। जिसके बाद बजरंग के अलावा विनेश फोगाट ने भी अपने अवॉर्ड लौटा दिए। वहीं साक्षी मलिक ने कुश्ती से ही संन्यास ले लिया।

### बजरंग ने एशियन गेम्स बिना ट्रायल्स दिए खेला था

बजरंग पूनिया को पिछले साल चीन के हांगझोउ एशियन गेम्स के सेमीफाइनल मैच में हार मिली थी। इतना ही नहीं, ब्रॉन्ज मेडल मैच में भी बजरंग को जापानी पहलवान के. यामागुची ने 10-0 से हरा दिया था। उनकी हार के बाद सोशल मीडिया पर कई लोग भड़क उठे थे, क्योंकि एशियन गेम्स में भाग लेने से पहले उन्होंने किसी प्रतिस्पर्धी मुकाबले में हिस्सा नहीं लिया था।

उन्हें ट्रायल के बिना इन खेलों के लिए भारतीय दल में शामिल करने की भी आलोचना हुई थी।

## अंपायर के फैसले पर इस खिलाड़ी को उंगली उठाना पड़ा भारी, ICC ने लिया बड़ा एक्शन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका टीम के स्टार बल्लेबाज डेविड मिलर को आईसीसी की फटकार का सामना करना पड़ा है। सेंट लूसिया के डेरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 21 जून अफ्रीका की टीम ने सुपर 8 राउंड में इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला खेला था, जिसमें उन्होंने 7 रनों की करीबी जीत हासिल की। इस मैच में साउथ अफ्रीका की टीम को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला था जिसमें डेविड मिलर जब बैटिंग कर रहे थे तो उन्होंने के एक फैसले पर असहमति जताई थी। इसको लेकर अब आईसीसी की तरफ से मिलर के खिलाफ सख्त कदम भी उठाया गया है।



इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच मैच के बाद डेविड मिलर को लेकर मैच अधिकारियों ने रेफरी से इस पूरी घटना को बताया जिसके बाद उन्होंने मिलर को आईसीसी की आचार संहिता के लेवल 1 का दोषी पाया, जिसमें उन्हें फटकार लगाए जाने के साथ उनके खाते में एक डिमेरिक प्वाइंट भी जोड़ा गया है। मिलर को खिलाड़ियों और खिलाड़ी के सपोर्ट स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करते पाया गया, जो अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने से संबंधित है। यह घटना अफ्रीका की पारी के 19वें ओवर में हुई थी जब मिलर ने सैम करन की फुल टॉस गेंद खेली और उम्मीद थी कि इसे ऊंचाई के कारण नो बॉल दिया जाएगा।

हालांकि ऑन-फील्ड अंपायर ने इसे नो बॉल नहीं दिया तो इसपर मिलर ने अंपायर के फैसले पर असहमति जताते हुए फैसले की समीक्षा करने का संकेत दिया था।



# विराट कोहली ने रचा इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर 8 मुकाबले में विराट कोहली लय में तो दिखे, लेकिन बड़ा स्कोर नहीं कर पाए। हालांकि कोहली ने टीम के लिए ठीक-ठाक पारी खेली 28 गेंदों पर 3 छक्के और एक चौके की मदद से 37 रन की पारी खेली। इस 37 रन की पारी के दम पर कोहली ने इतिहास रच दिया और वो टी20 व वनडे वर्ल्ड कप में रन के इस आंकड़े को छूने वाले पहले बल्लेबाज बन गए।

**विराट कोहली ने पूरे किए 3000 रन:** विराट कोहली टी20 और वनडे वर्ल्ड कप को मिलाकर 3000 रन पूरे करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज किए। कोहली ने ये रिकॉर्ड बांग्लादेश के खिलाफ खेली अपनी 37 रन की पारी के दौरान किया।

टी20 और वनडे वर्ल्ड कप को मिलाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा 2637 रन के साथ मौजूद हैं जबकि डेविड वार्नर 2502 रन के साथ तीसरे नंबर पर हैं। चौथे नंबर पर 2278 रन के साथ सचिन तेंदुलकर हैं।

**आईसीसी टूर्नामेंट में बांग्लादेश के खिलाफ कोहली के नाम 500 से ज्यादा रन:** कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ 37 रन की पारी खेली और आईसीसी टूर्नामेंट में वो इस देश के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने।

आईसीसी टूर्नामेंट में कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ कुल 510 रन बनाए हैं। आईसीसी टूर्नामेंट में एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर विराट कोहली ही हैं जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 645 रन बनाए हैं।

### ICC टूर्नामेंट में विरोधियों के खिलाफ सबसे ज्यादा रन

645 रन - कोहली बनाम पाकिस्तान
553 रन - जयवर्धने बनाम न्यूजीलैंड
547 रन - रोहित बनाम बांग्लादेश
541 रन - डिविलियर्स बनाम वेस्टइंडीज
513 रन - पोंटिंग बनाम भारत
510 रन - कोहली बनाम बांग्लादेश
497 रन - गेल बनाम इंग्लैंड
480 रन - संगकारा बनाम न्यूजीलैंड
431 रन - रोहित बनाम पाकिस्तान
420 रन - संगकारा बनाम ऑस्ट्रेलिया

### विश्व कप में सर्वाधिक रन (वनडे+टी20)

3000 - विराट कोहली
2637 - रोहित शर्मा
2502 - डेविड वार्नर
2278 - सचिन तेंदुलकर
2193 - कुमार संगकारा
2174 - शाकिब अल हसन
2151 - क्रिस गेल

# नौनिहालों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें : उप मुख्यमंत्री

## दो बूँद ज़िंदगी की पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने जिला शीघ्र हस्तक्षेप इकाई (जयप्रकाश चिकित्सालय परिसर) भोपाल में पोलियो ड्राप पिलाकर मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश वर्ष 2008 से आज तक पोलियो मुक्त बना हुआ है। उन्होंने प्रदेश के समस्त नागरिकों, अभिभावकों से अपील की है कि अपने नौनिहालों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें। प्रदेश में शुरू हो रहे राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को नज़दीकी पोलियो बूथ में जाकर दो बूँद ज़िंदगी की अवश्य दिलायें और देश और प्रदेश को पोलियो मुक्त बनाए रखने में अपना योगदान दें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने उपस्थित जनों को पोलियो ड्रॉप और वैक्सीनेशन अभियान में सहयोग करने का संकल्प दिलाया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 जून से प्रदेश में दस्तक अभियान शुरु किया जा रहा हैं। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग का अमला घर-घर जाकर दस्तक देगा। अभियान में बच्चों की वैक्सीनेशन के साथ-साथ अन्य जाँच भी की जाएगी और आवश्यकतानुसार उपचार के व्यवस्था की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण में सभी नागरिक सहयोग दें। उपचार की व्यवस्था के लिए पर्याप्त अधोसंरचना और मैनपॉवर की व्यवस्था शासन द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि उपचार की व्यवस्था के संपूर्ण स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए दिनचर्या में योग व्यायाम और उचित आहार को शामिल करें। उप मुख्यमंत्री ने शिक्षारत चिकित्सकों से अपील



की है कि ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने में आगे आयें। राज्य मंत्री श्री पटेल - लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि हम पोलियो से मुक्त हैं। इस अवस्था को बनाये रखने के लिए सतत सजग और सचेत रहने की ज़रूरत है। स्वास्थ्य विभाग का अमला सतत कार्य कर रहा है इस अभियान में सभी नागरिकों के सहयोग की ज़रूरत है। कार्यक्रम में राज्य मंत्री श्री पटेल, विधायक श्री भगवानदास सबनानी ने नौनिहालों को पोलियो ड्रॉप पिलाई। एक करोड़ 11 लाख 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने काई लक्ष्य- प्रदेश में पोलियो सुरक्षा चक्र बनाये रखने के लिए 23 जून से 25 जून तक प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में लगभग एक करोड़ 11 लाख 0-5 वर्ष के बच्चों को लक्षित किया गया है। प्रथम दिवस (पोलियो रविवार) 54 हजार 742 बूथ, 1237 ट्रांजिट बूथ, 6130 हाई रिस्क एरिया एवं माईग्रटरी बूथ बनाये गये हैं। जिनमें 55,958 वैक्सीनेटर्स द्वारा पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। जिसकी मॉनिटरिंग 7,366 सुपरवाईजरों द्वारा सुनिश्चित की जावेगी। अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन 27,271 टीमों द्वारा एक करोड़ 28 लाख घरों का भ्रमण कर बच्चों को पोलियो की खुराक दी जावेगी। प्रदेश में आयोजित मेला स्थलों, बजारों, एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड इत्यादि स्थलों पर पोलियो दवा पिलाने हेतु 1,237 ट्रांजिट बूथ स्थापित किये गये है। साथ ही एक भी बच्चा पोलियो दवा से वंचित ना रहे इसको ध्यान में रखते हुये हाई रिस्क क्षेत्रों (यथा- ईंट भट्टे, क्रेशर, निर्माण स्थल, घुमक्कड़ आबादी एवं झुग्गी बस्तियों) में 500 मोबाईल टीम की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में अभियान के लिये 1 करोड़ 45 लाख पोलियो डोज़ की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर भोपाल श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह, संचालक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ अरुणा कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, चिकित्सकीय स्टाफ, नौनिहालों के साथ अभिभावक और आमजन उपस्थित थे।

# उप मुख्यमंत्री ने किया निर्माण कार्यों किया अवलोकन

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिविल लाइन पार्क, सिरमौर चौराहे में बन रहे फ्लाई ओवर, सर्किट हाउस तथा बाबा घाट से राजघाट तक के रिवर फ्रंट कार्य को आगामी अगस्त माह के प्रथम सप्ताह तक अनिवार्यतः पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ताकि स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को सभी कार्यों का लोकार्पण हो सके।

कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में उप मुख्यमंत्री ने सिविल लाइन पार्क के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान पेवर ब्लाक लगाने, पार्क में कुर्सियाँ लगाने तथा निर्माणाधीन शौचालय का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्क के बाहर 56 मार्केट के तर्ज पर बनाए जा रहे दुकानों का निर्माण कार्य भी नियत समय सीमा में पूरा किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पूरे सिविल लाइन एरिया में सड़क के किनारे पेवर ब्लाक सहित पार्क के पार्किंग एरिया में भी अधूरे सभी निर्माण कार्य त्वरित गति से पूरे कराएं। उन्होंने पार्क में पौधों की देखभाल के लिये माली रखने तथा सुरक्षा के लिए पर्याप्त चौकीदार की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

उप मुख्यमंत्री ने सिरमौर चौराहा में बनाए जा रहे फ्लाई ओवर कार्य को शीघ्र पूरा करने तथा उससे लगे भाग में निर्माणाधीन दुकानों का कार्य भी निश्चित समय में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। श्री शुक्ल ने विक्रम पुल से पचमठा मार्ग के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि सड़क के किनारे बनाए जा रहे नाले में सफाई की व्यवस्था हेतु चेम्बर का निर्माण अवश्य करें तथा निश्चित चौड़ाई की सड़क का निर्माण कराएं।

# लोकसभा निर्वाचन के अभ्यर्थियों की लेखा समाधान बैठक 29 जून को

## व्यय लेखा संधारण संबंधी फैसिलिटेशन कार्यक्रम 26 जून को

रीवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 के सभी अभ्यर्थियों के व्यय लेखा संधारण के संबंध में एक दिवसीय फैसिलिटेशन कार्यक्रम 26 जून को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित किया गया है। इसके अतिरिक्त व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में अभ्यर्थियों की लेखा समाधान बैठक 29 जून को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रातः 10 बजे से आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने समस्त अभ्यर्थियों से अपेक्षा की है कि उपरोक्त दोनों कार्यक्रमों में उपिस्थिति सुनिश्चित करें तथा 3 जुलाई तक अपना निर्वाचन व्यय लेखा अनिवार्यतः प्रस्तुत करें। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन परिणाम घोषित होने के 30वें दिन तक अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय लेखा जमा किया जाना अनिवार्य है।

# विंध्य प्रतिभाओं को शिखर तक पहुंचाने का कार्य कला और संस्कृति प्रभाग बहुत ही अच्छी तरह करेगा: निर्मला

**रीवा।** विंध्य क्षेत्र के कलाकारों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर का कलाकार बनने की क्षमता है इन्हें उचित मंच और सम्मान प्रदान कर उन्हें शिखर तक पहुंचाया जाएगा उक्त बातें भोपाल जोन की कला एवं संस्कृति प्रभग की प्रमुख राजयोगिनी निर्मला दीदी ने संस्थान के परिसर में आयोजित संगीत प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया ।आपने कहा कि यहां के बच्चे बहुत ही निर्भीक वा संगीत कला में निपुण और विनम्र है , इन्हे तलाशने वह तराशने की



आवश्यकता है ।यही बच्चे आगे चलकर संपूर्ण देश व विश्व में विंध्य का नाम रोशन करेंगे । विंध्य संगीत सम्मान के इस कार्यक्रम में की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया जिसमें प्रमुख रूप से शरद द्विवेदी ,नेहा सिंह, लक्ष्य गुप्ता, सार्वी गुप्ता ,शगुन मिश्रा गुंजन शुक्ला, अंजू साकेत तथा एंकर और सिंगर नीलेश श्रीवास्तव मुख्य रूप से रहे जिन्होंने हाल ही में आयोजित कई मुख्य प्रतियोगिताओं में विनर के रूप में अपना परचम लहराया था। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में जिन अन्य प्रमुख को सम्मानित किया गया उसमें श्रृंगारीका श्रीवास्तव, रंजना मिश्रा, नतीसा सिंह ,प्रवीण द्विवेदी, आशीष द्विवेदी ,काजल तिवारी ,रोशनी मिश्रा, श्रीमती सुनैना मिश्रा, सुनील मिश्रा, रोशनी मिश्रा ,प्रमुख रूप से रहे इस कार्यक्रम के अंत में संस्था की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया गया ।आभार प्रदर्शन बीके प्रमोद कुमार और सुभाष भाई ने किया । राजयोग और मेडिटेशन बी के मानसी बहन ने किया कार्यक्रम का सफल संचालन एंकर और सिंगर नीलेश श्रीवास्तव ने किया ।

# हिंदवी स्वराज की स्थापना पर कृष्ण राजकपूर ऑडिटोरियम में किया जायेगा भव्य आयोजन

**रीवा।** वर्षों के पराधीनता के पश्चात 6 जून 1674 (ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी शालीवाहन शके 1596) को छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा हिंदवी स्वराज की स्थापना की गई। इस गौरव पूर्ण घटना के 350 वर्ष पूर्ण होने पर समिति द्वारा वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों तक शिवाजी महाराज का जीवन संदेश पहुंचाने का प्रयत्न किया गया।

हिंदवी स्वराज की स्थापना के 350 वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए एवं इसका समापन कार्यक्रम दिनांक 28 जून 2024 को कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में सायं 4:30 बजे किया जाना सुनिश्चित हुआ है, कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री हरि नारायण सिंह जी (विभाग प्रचारक, रीवा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) रहेंगे। इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम को विधिवत संपन्न करने हेतु एवं व्यवस्था के दृष्टिकोण से विभिन्न पहलुओं पर विचार मंथन किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी के साथ समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिसमें श्रीनारायण तिवारी, डॉक्टर आशुतोष द्विवेदी, सुनील सिंह, वृंदावन शुक्ला, मनीष मिश्रा, कैलाश कोटवानी, मीनाक्षी मिश्रा, कमलेश अवस्थी, नीरज खरे, भारतेंदु मिश्रा, कमलेश्वर द्विवेदी, प्रीती मिश्रा, रजनीश पांडेय, सुमित पांडेय, प्रेम सागर द्विवेदी, संजीव गुप्ता एवं अजय सिंह।

# रीवा-सतना, भोपाल-इंदौर में जल्द मानसून की दस्तक

**रीवा।** मध्य प्रदेश में 3 मौसम प्रणालियों - वेस्टर्न डिस्टरबेंस, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन के कारण भारी बारिश, गरज-चमक और तेज आंधी देखी जा रही है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सीहोर सहित कई शहरों में शनिवार को तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, 25-26 जून को बंगाल की खाड़ी में एक और सिस्टम सक्रिय होने के साथ, अगले 2-3 दिनों में भोपाल, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, गुना, सतना, सागर, छतरपुर और रीवा में मानसून आने की संभावना है। सतना में बारिश के साथ बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं, कई शहरों में उमस और गर्मी भी बनी हुई है।

मध्य प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से बारिश-आंधी का तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। 3 मौसम प्रणालियों - वेस्टर्न डिस्टरबेंस, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन के कारण प्रदेश में कई जगहों पर भारी बारिश, गरज-चमक और तेज आंधी देखी जा रही है। शनिवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सीहोर सहित कई शहरों में तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, 25-26 जून को बंगाल की खाड़ी में एक और सिस्टम सक्रिय होने के साथ, अगले 2-3 दिनों में भोपाल, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, गुना, सतना, सागर, छतरपुर और रीवा में मानसून आने की संभावना है। शनिवार को हुई बारिश के साथ सतना में अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई और 5 घायल हो गए। वहीं, हरदा जिले के ग्राम हीरापुर में भी एक व्यक्ति की मौत हो गई।

बारिश के साथ ही कई शहरों में उमस और गर्मी से भी राहत मिली है। हालांकि, कुछ इलाकों में अभी भी गर्मी का असर बना हुआ है। निवाड़ी का पृथ्वीपुर सबसे गर्म रहा, जहां दिन का तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, शिवपुरी में पारा 41 डिग्री और सिवनी में सबसे कम 28 डिग्री रहा। इंदौर, उज्जैन, आगर-मालवा, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, देवास, सीहोर, शाजापुर, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडोरी, श्योपुरकलां, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी। बारिश भी हो सकती है। भोपाल, जबलपुर, नीमच, मंदसौर, राजगढ़, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, सागर, दमोह, नरसिंहपुर, कटनी, उमरिया, मैहर, शहडोल और अनूपपुर।

# शहर में ऑटो व्यवस्था में बड़ा बदलाव, 17 जगहों पर बनेंगे स्टैंड

**रीवा।** शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम और पुलिस ने मिलकर बड़ा कदम उठाया है। शहर में 17 जगहों पर ऑटो स्टैंड बनाए जाएंगे। बेतरतीब खड़े होने वाले ऑटो वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। रीवा शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए नगर निगम और पुलिस ने मिलकर बड़ा कदम उठाया है। शनिवार को नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन, एएसपी अनिल सोनकर, सीएसपी रितु उपाध्याय सहित शहर के तमाम थाना प्रभारियों और नगर निगम अधिकारियों ने शहर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यातायात व्यवस्था में सबसे बड़ी रुकावट बेतरतीब खड़े होने वाले ऑटो और ठेलों को पाया गया। दरअसल पूरा शहर का अव्यवस्थित यातायात की वजह से जाम के हवाले रहता है। अधिकांश चौराहों व मार्गों में नो-पार्किंग वाहनों व ठेलों की वजह से आवागमन बाधित होता है। लोगों को चिलचिलाती धूप में जाम से जूझना पड़ता है। शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला द्वारा बैठक में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई थी। इस समस्या के समाधान के लिए 17 जगहों को चिन्हित किया गया है।

# गढ़िया टोला में मिली अज्ञात युवक की लाश

## कपड़ों से मिली पर्चियों में दर्ज है दिल्ली और नेपाल का पता

सतना

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गढ़िया टोला में अज्ञात युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई, जिस पर मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार दोपहर को एक युवक मोहल्ले में भटकते हुए घरों में घुसने की कोशिश कर रहा था, उसकी हरकतों को देखते हुए सभी ने दुत्कार कर भगा दिया। कुछ देर बाद वह एक मकान के पीछे पड़े खाली प्लाट में जाकर गिर गया, मगर जब काफी देर तक नहीं उठा तो किसी ने डॉयल 100 पर खबर कर दी।

तब पुलिस मौके पर पहुंची तो ज्ञात हुआ कि युवक की सांसें थम चुकी हैं। मृतक की उम्र लगभग 32 से 35 वर्ष के बीच थी, कपड़ों की तलाशी लेने पर एक चिट मिली, जिसमें दिल्ली का पता और फोन नम्बर दर्ज था, वहीं रसीद पर नेपाल का पता लिखा था।

कद-काठी और चेहरे से भी युवक नेपाली मूल का लग रहा था। ऐसे में शव को मरचुरी में रखवाते हुए पुलिस उसकी शिनाख्त का प्रयास कर रही है। जांच-पड़ताल के लिए मौके पर सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान और वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह भी पहुंचे थे, जिन्होंने डिहाइड्रेशन अथवा लू लगने से मृत्यु होने की संभावना जताई है।

पुलिस ने जब मोहल्ले से लेकर गढ़िया टोला और आसपास के इलाके में सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो दोपहर 1 से 2 बजे के बीच वह पैदल ही गढ़िया टोला की तरफ जाते दिख रहा था, जिस मकान के पीछे लाश मिली वहां के कैमरे में भी उसके फुटेज कैद हुए हैं, तब युवक काफी बदहवास हालत में था। तमाम पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि युवक कौन है और किन हालातों में यहां पहुंचा। उसकी मृत्यु के कारणों की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

## कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण



**रीवा।** रीवा जिले में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 12 केन्द्रों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। यह परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक संपन्न हुई। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जेलमार्ग सरस्वती स्कूल में बनाए गए परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी एवं संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय भी उपस्थित रहे। प्रारंभिक परीक्षा के लिए नियुक्त संभागीय प्रेक्षक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी केएस गौतम के अतिरिक्त परीक्षा के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों व फ्लाइंग स्क्वाड के दल द्वारा परीक्षा व्यवस्थाओं का सतत निरीक्षण किया गया।

# पल्स पोलियो अभियान में पाँच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई

**रीवा।** जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में तीन दिन तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान का आज शुभारंभ हुआ। मेडिकल कालेज ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल एवं राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष बफत वारसी एवं कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की उपस्थिति में पाँच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह अभियान बच्चों की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कोई भी गली एवं मोहल्ला इस अभियान से छूटे नहीं। इसमें पाँच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाए। अपने उद्बोधन में राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष बफत वारसी ने कहा कि हमारे देश से पोलियो का उन्मूलन हो चुका है, लेकिन पड़ोसी देशों में इसके प्रकरण मिलने के कारण यह अभियान संचालित किया जा रहा है ताकि हमारे देश का प्रत्येक बच्चा इस बीमारी से दूर रहे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों की अभियान में सहभागिता की अपेक्षा की।


शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले में 390140 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस अभियान में मीजल्स और रूबेला का भी टीका लगेगा। अतः स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभाग बूथ स्थल के अतिरिक्त डोर टू डोर संपर्क कर सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएं। उन्होंने




निर्देश दिए कि सभी बच्चों को नियत समय पर लगने वाले टीके लगाए जाएं तथा जो बच्चे इसमें छूट गए हैं उनका भी टीकाकरण करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के साथ ही महिला एवं बाल विकास तथा अन्य विभागों को अभियान में पूरी तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रथम दिवस पर अधिकतम बच्चों को बूथ में पोलियो की दवा पिलाई जाए और यदि किसी कारणवश बच्चे बूथ में न पहुंचे तो उनके घर जाकर इसका डोज दें।

इस अवसर पर राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ संतोष शुक्ला ने कहा कि रीवा में कोविड वैक्सीनेशन में उल्लेखनीय कार्य हुआ साथ ही जन्म के समय ही बच्चे को टीके का डोज लगाने में भी रीवा प्रथम स्थान पर रहा है। टीकाकरण के मामले में रीवा में हुए नवाचार को देश में प्रसंशा मिली है। उन्होंने पल्स पोलियो अभियान में बच्चों को दो बूंद की खुराक पिलाकर डबल सुरक्षा कवच देने में सभी से सहयोग की अपेक्षा की। इससे पूर्व अभियान के बारे में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि अभियान के दौरान 390140 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पोलियो की दवा पिलाने के लिए जिले भर में 2490 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। इनमें दवा पिलाने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात किए गए हैं। पोलियो बूथ आंगनवाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन तथा स्कूलों में बनाए गए हैं। पोलियो की दवा पिलाने के लिए 48 ट्रांजिट टीमें तथा 23 मोबाइल दल भी बनाए गए हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, बड़े हॉट बाजारों, बड़े निर्माण स्थलों पर भी पोलियो की दवा पिलाने की व्यवस्था की गई है। बूथ न पहुंचने वाले बच्चों को 24 एवं 25 जून को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री जी के प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय, डॉ नितिन कोठारी, प्रभारी डीन डॉ पीके लखटकिया, डॉ केएल नामदेव, अधीक्षक डॉ राहुल मिश्र, डॉ बीके अग्निहोत्री सहित स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों के अधिकारी/नौनिहाल के साथ उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनील अवस्थी ने किया।

# शौर्य, पराक्रम और स्वाभिमान की प्रतीक
# वीरांगना रानी दुर्गावती
## को कृतज्ञ मध्यप्रदेश का
## शत्-शत् नमन



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



"देश के स्वाभिमान के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाली वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य और बलिदान से मध्यप्रदेश की धरा धन्य हुई है। उनके पराक्रम से गौरवान्वित प्रदेश, समतामूलक समाज की स्थापना और अपने जनजातीय भाई-बहनों के सशक्तिकरण के लिए कृत संकल्पित है।"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## 461वें बलिदान दिवस पर
# पुण्य स्मरण समारोह

मुख्य अतिथि

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**24 जून, 2024**

**पूर्वाह्न 10.00 बजे । समाधि स्थल, नरई नाला, जबलपुर**

**पूर्वाह्न 11.00 बजे । वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड, जबलपुर**

## जनजातीय समाज और उनकी संस्कृति के लिए समर्पित मध्यप्रदेश सरकार

- नई शिक्षा नीति के अंतर्गत वीरांगना रानी दुर्गावती और रानी अवंतीबाई लोधी की वीरगाथा को स्कूल-कॉलेज के पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय
- समाज में असाधारण योगदान देने वाली महिलाओं के लिये रानी दुर्गावती और रानी अवंतीबाई लोधी के नाम पर 2 पुरस्कार शुरू करने का निर्णय
- छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के रूप में नामकरण
- 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाना प्रारंभ
- तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय बढ़ाकर ₹ 3000 से ₹ 4000 किया गया
- पीएम जन-मन योजना के माध्यम से शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया गया
- विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल जिलों में ₹ 7300 करोड़ से आंगनवाड़ी केंद्र, छात्रावास, सड़कें, पुल और आवासों के निर्माण का निर्णय
- सागर में रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय की स्थापना का निर्णय
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ₹ 170 करोड़ की लागत से खरगोन में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय का शिलान्यास
- कक्षा 11वीं, 12वीं एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना में वर्ष 2023-24 में 2.59 लाख विद्यार्थियों को ₹ 494 करोड़ की छात्रवृत्ति
- आकांक्षा योजना में जे.ई.ई., क्लैट, नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं के लिये कोचिंग सुविधा
- उच्च शिक्षा के लिए वर्ष 2023-24 में ₹ 159 करोड़ की सहायता से 1.25 लाख विद्यार्थियों को आवास भत्ता
- KG-1 से कक्षा 12वीं तक शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए 94 सीएम राइज़ स्कूल संचालित
- विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना में प्रतिवर्ष 50 विद्यार्थियों को लाभांवित करने का लक्ष्य। वर्ष 2023-24 में ₹ 2.90 करोड़ की सहायता
- जनजातीय बच्चों के लिए 63 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, 81 कन्या शिक्षा परिसर और 8 आदर्श आवासीय विशिष्ट विद्यालय संचालित
- मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना से सीधे जनजातीय ग्रामों तक पहुंच रहा राशन। स्थानीय जनजातीय युवाओं को मिला रोज़गार
- आहार अनुदान योजना में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया एवं सहरिया परिवारों के पोषण के लिए प्रतिमाह ₹ 1500 की राशि के तहत वर्ष 2023-24 में 2 लाख से अधिक महिलाओं को ₹ 323 करोड़ की सहायता
- प्रदेश के सभी जनजातीय विकासखण्डों में सिकल सेल उन्मूलन मिशन लागू
- वर्ष 2023-24 में ₹ 48.42 करोड़ से जनजातीय बस्तियों में विद्युतीकरण, पम्पों का ऊर्जीकरण, पेयजल, सामुदायिक भवन, छात्रावास, सी.सी. रोड जैसी 691 बुनियादी सुविधाओं का निर्माण
- विशेष पिछड़ी जनजातीय जिलों में कौशल विकास केंद्र संचालित
- वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत 6 लाख से अधिक प्राप्त दावों में से 2 लाख 70 हजार दावों को मान्यता। 3 लाख 62 हजार से अधिक निरस्त दावों का पुनः परीक्षण जारी
- प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना में विकास कार्यों के लिए 7307 ग्राम चयनित
- जनजातीय क्षेत्रों की ग्राम सभाओं को विशेष अधिकार देने के लिये पेसा नियम लागू
- युवाओं के लिये भगवान बिरसा मुंडा स्वरोज़गार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण जैसी योजनाएं संचालित

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

D-11022/24


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833